
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया





# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-20 | प्रयागराज, रविवार 15 मई 2022 से शनिवार 21 मई 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः रणवीर सिंह की 'जयेशभाई जोरदार' पहले दिन ही हुई ढेर

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त बोले- जम्मू-कश्मीर में पूरी आबादी को दिया गया प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली ।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सुशील चंद्रा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन करते समय जनसंख्या का विषय अहम था, लेकिन वह एकमात्र आधार या मानदंड नहीं था। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश को एक इकाई के तौर पर देखा जाना चाहिए, जिसकी पूरी जनसंख्या को 90 विधानसभा सीटों में प्रतिनिधित्व दिया जाना है। वह जम्मू-कश्मीर में विधानसभा सीटों से संबंधित परिसीमन आयोग के पदेन सदस्य थे। आयोग ने पिछले दिनों अपना अंतिम आदेश सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि पहले के परिसीमन के साथ कई सारी समस्याएं थीं। उन्हें अब ठीक कर लिया गया है। चंद्रा ने कहा कि जनसंख्या परिसीमन के मानदंडों में से सिर्फ एक मानदंड है। परिसीमन कानून तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून के प्रविधानों के अनुसार, जनसंख्या के अलावा चार अन्य मानदंड भी हैं। इनमें कहा गया है कि भौतिक स्थितियों, संचार सुविधाओं, सार्वजनिक सुविधाओं तथा उस क्षेत्र की प्रशासनिक इकाइयों पर भी विचार करना होगा। इसलिए, ये चार अन्य मानदंड हैं जिन पर गौर किया जाना है।

### एलन मस्क की ट्विटर डील को रोकने के बाद सीईओ पराग अग्रवाल ने कहा- 'हमारा काम ट्विटर को मजबूत बनाना'

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी अरबपति टेस्ला के सीईओ एलन मस्क द्वारा ट्विटर खरीदी की डील को अस्थायी तौर पर होल्ड कर दिया गया है। जिसके बाद अब ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल ने पूरे मामले को लेकर क्रमबद्ध ट्वीटों के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दी है। अग्रवाल ने पूरे घटनाक्रम के बारे में लिखते हुए कहा कि बीते कुछ हफ्तों में काफी कुछ घटित हुआ है। लेकिन मैंने सिर्फ कंपनी पर ध्यान केंद्रित किया है और इस दौरान सार्वजनिक रूप से बहुत कुछ नहीं कहा है।

## महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस का तंज, कहा- औरंगजेब का महिमामंडन कर ओवैसी ने राष्ट्रवादी मुस्लिमों का किया अपमान



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फड़नवीस ने शुक्रवार को कहा कि एआइएमआइएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने औरंगजेब का महिमामंडन कर राष्ट्रवादी मुस्लिमों का अपमान किया है। तेलंगाना से विधायक ओवैसी ने गुरुवार को महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के खुल्दाबाद में 17वीं सदी के मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र पर चादर और फूल चढ़ाए थे फड़नवीस ने कहा कि ओवैसी ने औरंगजेब का महिमामंडन का प्रयास कर राष्ट्रवादी मुसलमानों का अपना किया है। देश के मुसलमानों के लिए औरंगजेब कभी भी आदर्श नहीं हो सकता है। औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजीराजे को घोर यातनाएं देने के बाद मरवा दिया था। फड़नवीस ने कहा कि हम औरंगजेब का किसी भी तरीके से महिमामंडन बर्दाश्त नहीं करेंगे। जो ऐसा करता है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए लीलावती अस्पताल में सांसद नवनीत राणा की एमआरआइ की तस्वीर का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि अगर कोई एक तस्वीर खींच लेता है तो राज्य सरकार तुरंत कार्रवाई करने लगती है, लेकिन इस मामले में उसने कुछ नहीं किया है शिवसेना के प्रवक्ता व सांसद संजय राउत ने कहा कि ओवैसी का औरंगजेब की कब्र पर जाना, राज्य में माहौल खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा, 'हमने औरंगजेब को महाराष्ट्र की धरती में गाड़ा था और उसके चाहने वालों का भी वही हाल होगा।' राउत ने कहा कि औरंगजेब एक आक्रांत था जिसने महाराष्ट्र पर हमला किया और मंदिरों को ध्वस्त किया। उसकी कब्र पर नमाज अदा कर ओवैसी भाइयों ने महाराष्ट्र सरकार को चुनौती दी है। हमें यह चुनौती स्वीकार है।

## गेहूं के निर्यात पर लगी रोक, खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और पड़ोसी मुल्कों की आवश्यकता के चलते लिया गया फैसला........

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने देश की समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और पड़ोसी देशों के समर्थन की आवश्यकता को देखते हुए गेहूं के निर्यात को तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। सरकार ने गेहूं के निर्यात को निषिद्ध श्रेणी में रखा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय के अनुसार कोरोना काल की व्यवस्था के रूप



में गेहूं के निर्यात की अनुमति उन शिपमेंट के मामले में दी जाएगी जहां मई को या उससे पहले क्रेडिट ऑफ क्रेडिट (आईएलओसी) जारी किया गया है। डीजीएफटी के अनुसार अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर भी निर्यात की अनुमति दी जा सकेगी। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि भारत सरकार अपने देश, पड़ोसी और अन्य कमजोर विकासशील देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो गेहूं के वैश्विक बाजार में अचानक बदलाव से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हैं। गेहूं के निर्यात पर रोक के बीच भारत सरकार ने वर्ष 2022-23 में एक करोड़ टन अनाज निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। गेहूं के शिपमेंट को बढ़ावा देने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए सरकार मोरक्को, ट्यूनीशिया और इंडोनेशिया सहित नौ देशों में व्यापार प्रतिनिधिमंडल भेजेगी। वाणिज्य मंत्रालय ने हाल ही में निर्यात बढ़ाने के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वाणिज्य, शिपिंग और रेलवे सहित विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों और निर्यातकों के साथ गेहूं निर्यात पर एक टास्क फोर्स का गठन किया है। यहां आपको बतां दें कि वैश्विक बाजारों में भारतीय गेहूं की मांग में वृद्धि हुई है और किसानों, व्यापारियों और निर्यातकों को आयात करने वाले देशों के सभी गुणवत्ता मानदंडों का पालन करने की सलाह दी गई है।

## राहुल गांधी ने बुलाई पार्टी नेताओं की अहम बैठक, चिदंबरम ने बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर केंद्र को कोसा

**उदयपुर ।** उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के तीन दिवसीय चिंतन शिविर में पार्टी अध्यक्ष से लेकर दूसरे नेताओं तक केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। इस चिंतन शिविर से इतर पार्टी नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी महासचिवों की एक बैठक के लिए सभी से आगे आने की अपील भी की है पूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री ने अपने चिंतन शिविर में दिए अपने संबोधन में कहा कि देशभर में महंगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने इसके लिए सरकार की गलत नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। चिदंबरम ने कहा



भी बुलाई है। इस बैठक में पार्टी महासचिवों के अलावा स्टेट इंचार्ज और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ कांग्रेस के विधायक भी शामिल हो रहे है शिविर के पहले दिन जहां पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जहां केंद्र की उनकी नीतियों को लेकर कड़ी आलोचना की वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने भी महंगाई के मुद्दे पर केंद्र को जमकर कोसा। इस चिंतन शिविर में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र की यह कहते हुए आलोचना की है कि सरकार सामाजिक स्तर पर लोगों में नफरत भरने का काम कर रही है। इसके अलावा उन्होंने आने वाले चुनावों में पार्टी को मजबूत करने कि देश में बढ़ती महंगाई के लिए सरकार की गलत नीतियां जिम्मेदार हैं। महंगाई की वजह से आम आदमी को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पार्टी ने इस शिविर को नव संकल?प शिविर का नाम दिया है। पार्टी नेता रामलांबा ने कहा है कि इस देश के युवाओं के लिए हमारी क्या नीतियां होनी चाहिए, इस चिंतन शिविर में हम इस चिंतन शिविर में इस मुद्दे पर सकारात्मक विचार किया जा रहा है। उनके मुताबिक बेरोजगारी से लड़ रहे युवाओं के लिए कैसे हम एक बड़ी लड़ाई लड़ेंगे, उस पर भी शिविर में चर्चा हो रही है।

## बीते 24 घंटों में सामने आए 2,858 नए कोविड केस

**नई दिल्ली ।** देशभर में कोरोना के मामलों में गिरावट आती दिखाई दे रही है। ये सभी के लिए अच्छी खबर है। बीते 24 घंटों के दौरान देशभर में कोरोना के 2858 नए मामले रिकार्ड किए गए हैं। इसके अलावा इस दौरान 3355 कोरोना मरीज ठीक भी हुए हैं। हालांकि इन 24 घंटों के दौरान 11 कोरोना मरीजों की मौत भी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की कुल संख्या फिलहाल 18096 है। वहीं यदि डेली पाजीटिविटी रेट की बात करें तो ये



0.59 फीसद है। आपको बता दें कि कुछ समय पहले तक देश में कोरोना के मामलों में लगातार तेजी दर्ज की जा रही थी। इसके चलते देश में कोरोना महामारी की चौथी लहर आने का अंदेशा भी जताया जा रहा था। लेकिन अब इसमें लगातार हो रही गिरावट के बाद ये कहा जा सकता है कि फिलहाल जिस चौथी लहर का अंदेशा जताया जा रहा था, वैसा नहीं होने वाला है। देश में कोरोना के मामलों पर ब्रेक लगाने में सबसे बड़ी भूमिका देश में जारी टीकाकरण ने निभाई है। मौजूदा समय में देश में जहां 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर अन्य सभी उम्र के लोगों को कोरोना रोधी टीके की दोनों खुराक देने का काम बड़ी तेजी से चल रहा है वहीं देशभर में कोरोना रोधी टीके की बूस्टर डोज लेने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। यही वजह है कि भारत इस महामारी पर दूसरे देशों की तुलना में तेजी से ब्रेक लगाने में सफल हुआ है। गौरतलब है कि शुक्रवार को देश में कोरोना के 2,827 मामले सामने आए थे और 24 मरीजों की मौत हो गई है। वहीं शनिवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने जो अपडेट जारी किया था कि उसके मुताबिक कोरोना के कुल 2841 नए मामले सामने आए थे और 3,295 लोग रिकवर भी हुए थे। हालांकि इस दौरान 19 मरीजों की कोरोना से मौत भी हुई थी।

## दिल्ली के मुंडका इलाके में लगी आग ने दिला दी उपहार सिनेमा हाल अग्निकांड की याद

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार की शाम को आग लगने की एक भयावह घटना हुई। दिल्ली के मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास स्थित तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत में शुक्रवार शाम आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य झुलस गए। हादसे में घायल कुछ लोगों की हालत नाजुक बताई जाती है। इस हादसे ने 13 जून 1997 को दिल्ली के ग्रीन पार्क स्थित उपहार सिनेमा हाल में हुए भीषण अगिन्कांड की याद दिला दी है। जानें उपहार सिनेमा हाल अगिन्कांड में कहां हुई थी चूक दिल्ली के ग्रीन पार्क स्थित उपहार सिनेमा हाल में हुए भीषण अगिन्कांड में 59 लोगों की जान चली गई थी। 13 जून 1997 को हुए इस भीषण अगिन्कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस हादसे में 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। घटना के वक?त 'बार्डर' फिल्म का शो चल रहा था। शो के दौरान सिनेमाघर के ट्रांसफार्मर कक्ष में आग लगी थी जो तेजी से इमारत के अन्य हिस्सों में फैलती चली गई। हादसे में जान गंवाने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। इस भयावह अगिन्कांड में कई परिवार तबाह हो गए थे। किसी ने अपने जिगर का टुकड़ा खोया तो किसी ने अपने घर का कमाने वाला इकलौता चिराग। किसी बहन ने अपना भाई तो किसी ने अपना पति खोया था। बताते हैं कि जिस समय सिनेमा हाल बाहर से आग की लपटों में घिरा हुआ था तब ट्रांसफार्मर फूटने समेत अन्य चीजों के जलने से जोरदार धमाके हो रहे थे लेकिन सिनेमा देख रहे लोग इससे अनजान थे। उनको लग रहा था कि ये धमाके बार्डर फिल्म के हैं। करीब बढ़ती मौत से अनजान लोग बार्डर फिल्म के लड़ाई वाले सीन का आनंद ले रहे थे।

## अकबरुद्दीन ओवैसी का राज ठाकरे पर तीखा हमला कहा- कुत्तों का काम भौंकना है उन्हें भौंकने दो

**औरंगाबाद।** विवादित बयानों के लिए चर्चित अकबरुद्दीन ओवैसी ने एकबार फिर जहर उगला है। ओवैसी ने मस्जिदों पर लाउडस्पीकर लगाए का विरोध कर रही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे पर परोक्ष रूप से तीखा हमला बोला है। ओवैसी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुत्तों का काम भौंकना है उन्हें भौंकने दो ओवैसी ने कहा- मैं नौजवानों से कहूंगा जो हो रहा है को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा मैं मुस्कुरा के जा रहा हूं चले जाओ। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या डर गए हो क्या परेशान हो मालूम हो कि अकबरुद्दीन ओवैसी 12 मई को औरंगाबाद में एक स्कूल के शिलान्यास कार्यक्रम में शरीक हुए थे। उन्होंने औरंगजेब की कब्र का दौरा भी किया था और उस पर फूल चढ़ाए थे। वहीं शिवसेना ने औरंगजेब की कब्र पर फूल चढ़ाने के लिए अकबरुद्दीन



होने दो जो भी छोड़ो मैं तो कहूंगा कि जो भी कुत्ता जैसा भी भौंकता है भौंकने दो जो भी ब्रीड का जैसा भी भौंकता है भौंकने दो। कुत्तों का काम भौंकना है। शेरों का काम खामोश रहना है। बस भौंकने दो जरूरत नहीं है बोलने की। वक्त और हालात की नजाकत को समझो उनके जाल में फंसना नहीं है। वो जाल बुन रहे हैं, तुमको फंसाना चाहते हैं। तुम फंसना नहीं खामोश रहो मुस्कुराओ और चले जाओ। अकबरुद्दीन ओवैसी ने औरंगाबाद में आयोजित एक जनसभा ओवैसी पर करारा पलटवार किया। शिवसेना ने शुक्रवार को कहा कि एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ओवैसी के औरंगाबाद जिले के खुल्दाबाद में औरंगजेब के मकबरे की यात्रा का उद्देश्य राज्य का माहौल खराब करना था। 17वीं सदी के मुगल बादशाह के अनुयायियों का भी वही हश्र होगा जो उसके साथ हुआ था। शिवसेना सांसद और पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि औरंगजेब ने 25 साल तक मराठों के साथ लड़ाई लड़ी।

## कांग्रेस में बड़े बदलावों के लिए बढ़े कदम, कार्यसमिति से लेकर बूथ स्तर तक युवाओं को 50 फीसद आरक्षण

उदयपुर। कांग्रेस को गहरे राजनीतिक संकट से उबारने के लिए शुक्रवार से यहां शुरू हुए तीन दिवसीय नव संकल्प चिंतन शिविर के पहले दिन पार्टी ने अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलावों को लागू करने के प्रस्तावों से पर्दा उठा दिया। इसमें कायाकल्प के लिए युवाओं को रिझाने की दिशा में अहम कदम बढ़ाते हुए कांग्रेस कार्यसमिति से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के हर स्तर पर 50 साल से कम उम्र के लोगों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण देने की बात है। अपवादों को छोड़कर एक परिवार को एक ही टिकट देने का निर्णय लेने का इरादा साफ किया है। कांग्रेस ढांचे में आमूल-चूल बदलाव के लिए बूथ स्तरीय ढांचा विकसित करने, जनता का मिजाज भांपने के लिए पूरे साल सर्वे के लिए पार्टी का एक इनसाइट विभाग बनाने से लेकर पार्टी पदाधिकारियों के कामकाज की समीक्षा के लिए एक आकलन विभाग बनाने का रोडमैप भी दिया है। कांग्रेस में मठाधीश संस्कृति खत्म करने के लिए पांच साल तक संगठन में रहे नेताओं के लिए पद छोड़ने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शिविर की शुरुआत करते हुए पार्टी में एकजुटता को अपरिहार्य बताते हुए कहा कि हर संगठन को जीवित रहने के लिए परिवर्तन की जरूरत होती है और हमें सुधारों की सख्त जरूरत है। चिंतन शिविर के जरिये क्रांति की धरती राजस्थान से कांग्रेस संगठन में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए सोनिया के आह्वान से पहले पार्टी ने संगठनात्मक ढांचे में आमूल-चूल बदलावों के प्रस्तावों को उजागर कर दिया। शायद इसीलिए कांग्रेस ने चिंतन शिविर को नव संकल्प शिविर का नाम दिया है। इसमें इन प्रस्तावों पर तीन दिनों तक मंथन होगा। आखिरी दिन इन्हें मंजूरी देकर कांग्रेस में बदलावों को लागू करने का रास्ता साफ कर दिया जाएगा। 50 साल की उम्र तक के युवाओं के लिए आरक्षण का प्रस्ताव देश की बड़ी युवा आबादी को साधने के साथ ही संगठन का स्वरूप बदलने की लंबी कायन्योजना को दर्शाता है। शिविर में संगठनात्मक बदलाव का मसौदा तैयार करने वाले समूह के सदस्य अजय माकन ने कहा कि बीते 50-



60 साल में कांग्रेस के ढांचे में अमूल-चूल बदलाव नहीं हुआ है। इसलिए पार्टी अब हर वह बदलाव करेगी जो मौजूदा समय की मांग है और इसमें बूथ मंडल बनाना अहम है। 15-20 बूथों का एक मंडल बनेगा और हर ब्लाक में तीन से पांच मंडल समितियां बनेंगी ताकि संगठन का ढांचा नीचे तक मजबूत हो। इसी तरह अब केवल निजी एजेंसियों के जरिये चुनाव के समय ही जनता के मूड को भांपने की कसरत नहीं होगी, बल्कि कांग्रेस अपना एक इनसाइट विभाग बनाएगी। जो सालभर लगातार सर्वे करे, जनता के मुद्दों को समझे और इसी आधार पर पार्टी अपने राजनीतिक कार्यक्रमों की दशा-दिशा निर्धारित करती रहे। कांग्रेस पर परिवारवाद के आरोपों के मद्देनजर पार्टी ने एक परिवार को एक ही टिकट का फार्मूला लागू करने का इरादा कर लिया है। इसमें अपवाद की गुंजाइश इस शर्त के साथ रखी गई है कि कोई नेता संतान पार्टी संगठन में पांच साल तक काम कर लेती है तो उसे टिकट दिया जा सकता है। इस अपवाद का फायदा गांधी परिवार को ही नहीं बल्कि कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे सरीखे बड़े नेताओं की संतानों को भी होगा क्योंकि वे पांच साल या उससे अधिक समय से पार्टी में न केवल सक्रिय हैं बल्कि सांसद-विधायक भी हैं। संगठन को नकारा नेताओं से छुटकारा दिलाने और अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहन देने का भी कांग्रेस तंत्र बनाने जा रही है। इसके लिए पार्टी की एक आकलन विंग बनेगी और पार्टी में अनुशासन को भी सख्ती से लागू किया जाएगा। सोनिया ने बदलाव के प्रस्तावों पर खुली और बेबाक चर्चा का आह्वान करते हुए स्वीकार किया कि पार्टी आज असाधारण परिस्थिति से गुजर रही है और इसका मुकाबला करने के लिए असाधारण कदम भी उठाने पड़ेंगे। हर संगठन को न केवल जीवित रहने बल्कि बढ़ने के लिए समय-समय पर परिवर्तन लाने होते है और कांग्रेस को सुधारों की सख्त जरूरत है। रणनीति में बदलाव, ढांचागत सुधार व रोजाना काम करने के तरीके में बदलाव करना होगा और नव संकल्प शिविर का सबसे बुनियादी मुद्दा यही है। कांग्रेस का पुनरुत्थान सिर्फ विशाल सामूहिक प्रयासों से ही हो पाएगा, इन प्रयासों का अब न टाला जा सकता है और न ही टाले जाएंगे। सोनिया ने कहा कि आज एक ऐसा समय आया है, जब हम अपनी निजी आकांक्षाओं को पार्टी हित से ऊपर न रखें। उन्होंने दोहराया कि पार्टी ने हम सभी को बहुत कुछ दिया है, अब समय कर्ज उतारने का है। इसलिए चिंतन शिविर में खुलकर चर्चा करें, मगर बाहर सिर्फ कांग्रेस की मजबूती और एकता का संदेश जाना चाहिए। लगातार चुनावी हार की नाकामियों की ओर इशारा करते हुए सोनिया ने कहा कि हम इसे बेखबर नहीं हैं और न ही हालात बदलने के संघर्ष को लेकर अंजान है।

### दिल्ली के मुंडका में हुए अग्निकांड में मृतकों के परिजनों को से दो दो लाख के मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के मुंडका में हुए भीषण अगिन्कांड पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की है। पीएमओ द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी ने हादसे में जान गवाने वाले लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के माध्यम से दो-दो लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की है।




# फांसी के फंदे पर लटका युवक मौत,पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**हंडिया (प्रयागराज)।** उतरांव थाना क्षेत्र के चिकड़ी गांव में शुक्रवार सुबह फांसी के फंदे पर लटक कर एक युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस



ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। चिकड़ी थाना उतराव निवासी अशर्फीलाल जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीती रात राकेश कुमार बारात में गया हुआ था। वह देर रात घर लौटा। सुबह रोज की तरह घरवाले जब उसे जगाने गए तो छप्पर में लगे लिप्टस के बडेर में चादर को फंदा बनाकर फांसी से लटका हुआ मृत मिला। यह देख घर वालों के होश उड़ गए। शोर मचा लोग इकट्ठा हुए सूचना पर मौके पर मौके पर मय फोर्स थाना अध्यक्ष उतरांव श्रावण कुमार पहुचे।पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फांसी लगाने का कारण पता नहीं चल सका। मृतक युवक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक के दो बेटे प्रियांशु कुलसांग और दो बेटियां काजल,सजल हैं। मृतक राकेश कुमार की मौत से पतनी अंजिला समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# राजरूपपुर में तीन ट्रांसफॉर्मर फुंके, दो हज़ार घरों की जलापूर्ति ठप

(आधुनिक समाचार सेवा)
शकील खान

**प्रयागराज।** राजरूपपुर क्षेत्र में एक साथ तीन ट्रांसफॉर्मर फुंक जाने से यहां के दो हजार से अधिक परिवारों के लिए पेयजल संकट खड़ा हो गया है। पारा 46 पार पहुंचने के कारण लोग परेशान हो गए हैं क्षेत्र में पार्षद आवास व सरस्वती शिशु मंदिर के पास 630-630 केवीए के ट्रांसफॉर्मर में शुक्रवार रात आग लग गई। वहीं एक मिष्ठान भंडार के पास 400 केवीए का ट्रांसफॉर्मर भी फुंक गया। बड़े ट्रांसफॉर्मरों की आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। पार्षद अखिलेश सिंह ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर के पास ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह जल गया। दूसरे ट्रांसफॉर्मर की केबिल जल गई ह दो बड़े ट्रांसफॉर्मरों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण क्षेत्र के तीन नलकूपों से जलापूर्ति रुक गई। इससे लगभग दो हजार घरों को सुबह पानी नहीं मिला। मिष्ठान भंडार के पास भी लगभग 300 घरों की जलापूर्ति प्रभावित हुई। लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जलकल विभाग ने सुबह टैंकर भेजे हैं।

# राजस्व एवं पुलिसकर्मी मौके पर विवाद को निपटाये सीओ राम सागर

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** बढ़ते जमीनी विवाद के कारण समाधान दिवस का आयोजन पुलिस व राजस्व कर्मियों के साथ शासन



की मंशानुसार किया जा रहा है। देखने में आ रहा है। कि राजस्व संबंधी मामलात के चलते काफी हद तक क्राइम बढ़े हैं। समय रहते पुलिस व राजस्व टीम मौके पर निस्तारण करे तो विवाद लंबा भी न खिंचेगा न ही संघर्ष की स्थिति बनेगी।उक्त बातें आज फूलपुर के समाधान दिवस में सीओ रामसागर ने कही। फूलपुर के अच्छई का पूरा निवासी आलम ने दो बहुओं जो विधवा हैं उनका हक हकूक ना देने पर घंटों पंचायत करते हुए सीओ रामसागर ने कुछ हद तक मामला निपटाया। इसी प्रकार कई महिलाएं आई थी जो ज्यादती का शिकार थी। सीओ ने सबको सुना। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने भी कई मामले का मौके पर समाधान किया। कुल 10 प्रार्थना पत्रों को पुलिस राजस्व की संयुक्त टीम को निपटारे हेतु दे दिया गया। मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक जय सिंह यादव, उपनिरीक्षक मजीद खान, राजेश कुमार वर्मा, ददन आदि मौजूद रहे।

# तालाब में जहर डालने से हुई 50 बतखों की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के ग्राम केवल का पुरवा,सराय इंद्रावत में तालाब का जहरीला पानी पीने से 50 बतखों की मौत हो गई। इस गाँव के सुनील कुमार वर्मा ने जेठवारा थाना में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी उनके पड़ोसी सुमित कुमार पटेल से एक महीने पूर्व महुआ को लेकर विवाद हो गया था जिसमें सुमित ने उनको धमकी दी थी वह उनकी फसल नष्ट कर देंगे।उन्होंने नुकसान पहुँचाने की नीयत से जिस तालाब में सुनील कुमार की बतखें रोज जल पीने और तैरने जाया करती थीं उसमें कोई जहरीली दवा डाल दिया जिससे उन बतखों द्वारा जल पीने से उनकी मौत हो गई।हकीकत क्या है यह तो पुलिस की जाँच से ही सही साबित होगा लेकिन 50 बतखों का एक साथ मारा जाना निश्चित रूप से दुःखदाई एवं घृणित कार्य है।



# शराब पीने के विरोध में पति ने की पत्नी की हत्या

**चित्रकूट ।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र में शराब पीने का विरोध करने पर पति ने पत्नी के सिर पर लोहे की पटरी मार दी। गंभीर हालात में उसको प्रयागराज ले जा रहे थे। रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद से पति फरार है सीतापुर चौकी क्षेत्र के बरमपुर निवासी देवकुमार पटेल उर्फ दद्दू राज मिस्त्री का काम करता है। वह अपनी अधिकांश कमाई शराब के नशे में उड़ा देता है। जिसका 29 वर्षीय पत्नी फूलकुमारी अक्सर विरोध करती थी। शुक्रवार की रात करीब दस बजे भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ। देवकुमार ने पतनी के सिर पर फर्श बनाने वाले लोहे की पटरी मार दी। इससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। घटना के बाद पति मौके से भाग गया। सास कुसमा देवी ने मदद से लिए पड़ोसियों से गुहार लगाई। एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया।

# फर्जी वेबसाइट बनाकर किसानों से लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ सरग़ना समेत तीन गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**प्रयागराज ।** साइबर क्राइम पुलिस ने सरकारी और निजी कम्पनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर लाखों



रुपए ठगने के मामले में एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने मल्टीनेशनल कम्पनियों सहित केंद्र सरकार की कई योजनाओं की वेबसाइट से मिलती जुलती फर्जी वेबसाइट बनाई थी। गूगल डेवलपर की मदद से अपनी वेबसाइट को वह असली वेबसाइट से रैंकिंग में ऊपर दिखाते थे। इससे लोग सर्च करने के दौरान उनकी फर्जी वेबसाइट को सबसे ऊपर देखते थे और उसी को असली समझ खोलते थे। आरोपियों की पहचान बिहार निवासी रतन्श भारती, विनय कुमार और मध्य प्रदेश निवासी अभिषेक शर्मी के रूप में हुई है। उन्होंने 17 लाख 39 हज़ार की ठगी की थी जिसमें से 10 लाख रुपये बरामद किये गए हैं। इसके अलावा उनके पास से मोबाइल फोन, मोडम, लैपटॉप, चेक बुक आदी भी जब्त कर लिये गए हैं। आईजी राकेश सिंह के अनुसार आरोपियों ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना, रॉयल इन्फ़ील्ड, रिवोल्ट मोटर सायकिल, बजाज फ़ाइनेंस लिमिटेड, बैंकों के ग्राहक सेवा केंद्र, मदर डेयरी, किसानों को सोलर लाइट व पम्प बांटने की योजनाओं की वेबसाइटें आदी इन्होंने बनायी थीं।

# भाकियू ( भानु ) राष्ट्रीय अध्यक्ष का आज प्रयागराज में आगमन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**हंडिया (प्रयागराज)।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह का दिनांक 14/5/2022 दिन शनिवार को समय 11:00 बजे फाफामऊ बाईपास (पानी की टंकी) के पास अपने किसान नेता व समर्थकों से मुलाकात करेंगें। जिसकी सूचना मंडल अध्यक्ष प्रयागराज ब्लू दूबे ने देते हुए कहा कि मंडल के समस्त किसान पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुँच कर। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह का स्वागत करें और अपनी समस्याओं से अवगत कराएं।



# इलेक्ट्रीशियन व टेलरिंग ट्रेड प्रशिक्षण हेतु एस0सी0 एस0टी0के अभ्यर्थी 25 मई तक करें आवेदन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि सरकारी की महत्वाकांक्षी योजना अनुसूचित जाति/जनजाति प्रशिक्षण (सबप्लान/ट्राइबल सबप्लान) योजनान्तर्गत उन्हें प्रशिक्षित कर रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों में रोजगार सृजन के उद्देश्य से प्रशिक्षण योजना वर्ष 2022-23 में उद्योग निदेशालय उ0प्र0 कानपुर के निर्देशानुसार जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। पुरूष अभ्यथियों के लिये इलेक्ट्रीशियन एवं महिला अभ्यथियों के लिये टेलरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु दिनांक 25 मई 2022 तक वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो तथा तकनीकी ट्रेडों में न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा-8 पास अनिवार्य है तथा गैर तकनीकी ट्रेडां में लिखने-पढ़ने का ज्ञान होना अनिवार्य है। आनलाइन आवेदन पत्र के साथ फोटो, हस्ताक्षरी नमूना, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आयु व जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। इस प्रशिक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित मानदेय भी प्रदान किया जायेगा। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र में प्रातः 10 बजे से सायंकाल 5 बजे तक सम्पर्क कर सकते है। आनलाइन आवेदन पत्र वेबसाइट पर कर सकते है।

# मां को बंदूक सटाकर युवती से दुष्कर्म की कोशिश, प्रयागराज पुलिस केस लिखकर जुटी तलाश में

**प्रयागराज।** शहर के धूमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने दो युवकों पर घर में घुसकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। विरोध करने पर मां को बंदूक सटाने की बात कही है। अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने को लेकर धमकाया। पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। युवती का कहना है कि 29 अप्रैल की रात राजेंद्र प्रजापति और मोहित नामक युवक उसके घर में जबरन घुस गए। उसके साथ छेड़खानी करने लगे। मां ने देखा तो विरोध किया, जिस पर उनको बंदूक सटाते हुए धमकाया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई। उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली गई। धमकी दी गई कि अगर किसी को कुछ बताया तो इसे वायरल कर देंगे। डर के कारण उसने किसी से शिकायत नहीं की। 13 मई को कोचिंग से वापस घर लौटते समय रास्ते में दोनों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, जिस पर वह भागी। 112 पर काल करके पुलिस से शिकायत की। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों भाग निकले थे। घटना से वह इतना भयभीत हो गई कि जान देने की बात सोचने लगी। धूमनगंज पुलिस ने उसकी तहरीर पर राजेंद्र प्रजापति और मोहित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दोनों की तलाश भी की जा रही है। प्रयागराज हिन्दू हास्टल चौराहे के पास बाइक सवार मो. अतीक निवासी मऊआइमा को कार सवारों ने अगवा करने की कोशिश की। मदद की आवाज लगाने पर राहगीर घटनास्थल की तरफ दौड़े तो कार सवार भाग निकले। कर्नलगंज थाने में तीन को नामजद करते हुए कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखवाया गया है। मऊआइमा निवासी मो. अतीक का कहना है कि मो. गुफरान, गोलू, अरबाज से उसका मुकदमा चल रहा है। 13 मई की शाम वह हिन्दू हास्टल चौराहे के पास बाइक से जा रहा था। उसी समय पीछे से आए दो बाइक सवार युवकों ने उसे रोक लिया।

# प्रयागराज में जानलेवा बनी भीषण गर्मी उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**प्रयागराज ।** गर्मी अब जानलेवा हो चुकी है। स्कूलों में विद्यार्थी बेहोश होकर गिर रहे हैं। शनिवार को कई परिषदीय स्कूलों में विद्याथिर्यों के बेहोश होने की सूचनाएं मिलीं जबकि एक छात्रा की मौत हो गई। उसकी वजह लू लगना बताया जा रहा है। तापमान प्रयागराज का करीब 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में बच्चों के वाथ्य को लेकर अभिभावकों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। प्रतापपुर के उच्च प्राथमिक स्कूल की छात्रा : प्रयागराज जिले में गंगापार स्थित प्रतापपुर विकास खंड में उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसा है। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन मौर्य ने बताया कि कक्षा छह की छात्रा रानी विश्वकर्मी नौ मई तक विद्यालय आई थी। उसी दिन उसकी तबीयत खराब हो गई थी। तब से उसने विद्यालय आना बंद कर दिया। लू लगने से बीमार थी रानी विश्?वकर्मा : प्रधानाध्?यापक ने बताया कि 11 मई को रानी विश्?वकर्मा के अभिभावकों को फोन कर जानकारी ली तो उसके बीमार होने का पता चला। इस संबंध में छात्रा के पिता दशरथ विश्वकर्मा ने बताया कि बेटी की तबीयत खराब होने पर निजी डाक्टर को दिखाया। उन्होंने लू लगने की बात कही। दवा चल रही थी लेकिन



शनिवार को रानी की मौत हो गई। प्राथमिक विद्यालय बरसैता मेजा के कई बच्चे अचेत हुए प्राथमिक विद्यालय बरसैता मेजा में भी कई बच्चे बेहोश होकर गिरे। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। एआरपी (एकेडेमिक रिसोर्स पर्सन) मो. हसीब ने बताया कि वह शैक्षिक सपोर्ट के लिए प्राथमिक विद्यालय दयालपुर और प्राथमिक विद्यालय कमनापुर गए थे। लौटते समय तबीयत खराब हो गई। अभी झूंसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। डाक्टरों ने लू लगने की बात कही है। विद्यालय बंद करने की उठी मांग : प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित सनतक एसोसिएशन के जिला संयुक्त मंत्री अफरोज अहमद ने मांग की है कि गर्मी को देखते हुए बच्चों के लिए विद्यालय बंद कर दिया जाए। अध्यापकों को प्रशासनिक कार्य निपटाने के लिए प्रात आठ से 11 बजे तक बुलाया जाए। बीएसए बोले- मिडडे मील के बाद बच्चों को घर भेजें : बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि बच्चों की तबीयत खराब होने की सूचनाएं मिली हैं। गर्मी को देखते हुए निर्देशित किया गया है कि मिडडे मील देने के बाद बच्चों को घर भेज दिया जाए। शिक्षक अपने विद्यालयीय कार्य निपटाते रहेंगे।

# इंडियन गोल्डन आर्टिस्ट अवॉर्ड 2022 से सम्मानित हुए इरशाद

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज ।** जनपद प्रयागराज के कस्बा फूलपुर वार्ड नंबर 2 जाफर गंज निवासी इरशाद अहमद जो एम.आर. शेरवानी इंटर कॉलेज सलाहपुर में चित्रकला के अध्यापक हैं।स्वदेश भारत में अपनी कला का परचम लहराने और राष्ट्रीय पहचान बनाने के लिए - 7 मई,2022 भारतीय कला दिवस के अवसर पर इंडियन गोल्डेन आर्टिस्ट अवार्ड 2022 हेतु उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।भारतीय कला प्रदर्शनी में देश के कुल 50 कलाकारों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग किया।स्वदेश संस्थान भारत- सागर कला भवन अयोध्या, संस्कार भारती, शान्ति फाउंडेशन तथा रिया जनसेवा एवं शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यह



कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें चयनित कलाकार इरशाद अहमद को इस विशेष सम्मान प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया।

# 44 आतंकवादियो को प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल किया गया शिफ्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**प्रयागराज ।** प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल में जम्मू और कश्मीर के 44 आतंकवादियो को शिफ्ट किया गया है। इन कैदियों को लेकर वायुसेना स्पेशल जहाज़ शानिवार को लगभग 5 बजे पहुँचा। कड़ी निगरानी में सभी को सात प्रिजन वैन से नैनी सेंट्रल जेल दाखिल किया गया। आतंकवादियो के साथ जम्मू कश्मीर पुलिस का दस्ता भी साथ था। इस दौरान जिले के सभी पुलिस अधिकारी और सभी थानों की पुलिस मौजूद थी। सुरक्षा के लिहाज से जिन जिन सड़को से आतंवादियों से भरी प्रिज़न वैन गुज़री वहां के पूरे रास्ते पर फोर्स तैनात रही सुरक्षा ऐसी थी कि परिंदा भी पर नही मार सकता था। वही प्रयागराज के एडीजी प्रेम प्रकाश खुद ही नैनी जेल में पहुंच कर आतंकवादियों को वैन से उतरवा कर नैनी सेंट्रल जेल के अंदर अलग अलग बैरक में भेजा गया। जेल के अंदर भी इन कैदियों को खास निगरानी में अलग अलग सेल में रखा जाएगा।

# वृक्ष से वायु, वायु से आयु पर शुआट्स में कार्यशाला आयोजित

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में वृक्ष से मिले वायु, वायु से मिले आयु पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पर्यावरण विज्ञान विभाग, कॉलेज आफ फारेस्ट्री द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (पीएसजी), रायपुर के को-कोआर्डिनेटर राकेश जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति मोस्ट रेव्ह. प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल ने की। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों ने इज़राइल से पर्यावरण संरक्षण के लिये जागृत करने का कार्य कर रही है जिसमें छात्र-छात्रायें, महिला शक्ति, धार्मिक संस्थायें सम्यक सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने केदारपाथ त्रासदी, केरल की बाढ़, चेन्नई में जल संकट, पहाड़ों पर कटान आदि घटनाओं का उल्लेख कर इसे मानव निर्मित समस्या बताया। उन्होंने पर्यावरण बचाने के लिये पांच चीजें जल, जन, जंगल, जमीन व जानवर के संरक्षण को आवश्यक बताया। उन्होंने जल बचाने के लिये रेन वाटर हार्वेस्टिंग की बात कही व वृक्ष लगाने एवं पालिथिन का प्रयोग न करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने सुझाव दियाकि कॉलेज में छात्रों से बचने के लिये वृक्षारोपण को जरूरी बताया। उन्होंने जल को बचाने व पालीथि को हटाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि आल इण्डिया एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट के को-कॉर्डिनेटर एवं शुआट्स एलुमनी डा. उमेश चन्द्र शुक्ला ने शुआट्स के योगदान की सराहना की। कहा कि उनकी संस्था, पेड़ लगाओ, पानी बचाओं, पालीथिन हटाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने शैक्षिक संस्थाओं में जन्मदिन वाटिका स्थापित करने का सुझाव दिया जिसमें सभी छात्र-छात्रायें व फेकल्टी अपने जन्मदिन पर पौधारोपण कर पूरे कैम्पस को हरा भरा कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि विकसित टेकनेलॉजी, शोध उपलब्धियों की स्मारिका 'मोस्ट सिगनेफिकेन्ट रिसर्च अचीवमेन्ट आफ शुआट्स' का विमोचन किया गया। साथ ही शुआट्स द्वारा संचालित पीपीयूएफआरए प्रोजेक्ट के अर्न्तगत किसानों द्वारा उगाई गई परंपरागत किस्मों हेतु भारत सरकार द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र चन्द्रभान सिंह, दया शंकर कुशवाहा, बुल्लू मौर्या को वितरित किया गया। कार्यशाला में शुआट्स की ओर से डा. हर्षबोध पालीवार को पीएसजी संस्था के साथ कार्य करने हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया। कार्यशाला में प्रयागराज से यूथ पार्लियामेन्ट में




मंगाये गये फिग पौधे का वानिकी महाविद्यालय के फारेस्ट नर्सरी व शोध केन्द्र, परिसर में पौधारोपण किया।प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो0 एस.बी. लाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को संक्षेप में बताते हुए कहा कि वर्ष 1910 में स्थापित यह संस्थान 'भूखे को भोजन' व 'भूमि की सेवा' के सिद्धान्त पर कुलपति प्रो. आर.बी. लाल के नेतृत्व में कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान में अपना सतत् योगदान दे रहा है। कॉलेज में लगभग 13000 छात्र-छात्रायें, 44 सनतक, 108 परासनतक व 72 पीएचडी विषयों में अध्ययनरत हैं।मुख्य अतिथि राकेश जैन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (पीएसजी) बगैर सरकार के सहयोग के पूरे देश में को एक पौधा लगाकर उसे तीन वर्षों तक रख-रखाव का लक्ष्य दिया जाना चाहिये। कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने माइक्रो एनवायरोमेन्ट के प्रबन्धन की बात की। उन्होंने ओजोन परत की सुरक्षा हेतु ग्रीन हाउस गैसों को कन्ट्रोल करने की बात कही जिसके लिये अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के पास सबसे बड़ी रिसाइकिल पावर है और मनुष्य, पृथ्वी पर एक चरवाहा है जिसे पृथ्वी का रख-रखाव करना है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर सबसे पहले गार्डेन आफ इडेन की स्थापना परमेश्वर ने की जिसे संजोने की जिम्मेदारी मनुष्यों की है। विशिष्ट अतिथि धार्मिक संस्थान काशी प्रान्त के प्रमुख स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने ग्लोबल वार्मिंग पीएसजी काशी प्रान्त के कोआर्डिनेटर कृष्ण मोहन ने कहा कि दुनिया, मानव जनित विनाश की ओर बढ़ रही है, प्रदूषित हवा और जल में रहना मनुष्य की विवशता है जिसका मुख्य कारण मनुष्य द्वारा प्रकृति का अंधाधुंध शोषण करना है। कहा कि प्रकृति सर्वोपरि है, शास्त्रों में प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर चलने की बात कही गई है इसलिये भारतीय संस्कृति की ओर लौटना होगा, अपना नजरिया बदलकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी उठानी होगी तभी इस समस्या का निवारण संभव है। डीन एवं आयोजन सचिव प्रो0 डा. एन्थोन जे. राज ने कार्यशाला के बारे में प्रतिभागियों को बताया। डा. सत्येन्द्र नाथ ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यशाला में शुआट्स वैज्ञानिकों द्वारा शामिल होने वाले अपूर्व शुक्ला, पूर्व आरटीओ जी.के. श्रीवास्तव ने अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम में प्रति कुलपति (पीएमडी) सर्वजीत हरबर्ट, सुबेदार के.के. शुक्ला, शशिकान्त त्रिपाठी, पार्षद आशीष, भूपेन्द्र जी, निदेशक शोध डा. शैलेष मारकर सहित आयोजन समिति के सदस्य डा. आशीष एस. नोएल, प्रो. आलोक मिल्टन लाल, डा सी. जॉन वेस्ली, प्रो. जहांआरा, डा. नीलम खरे, डा. अफाक माजिद वानी, डा. प्रवीण चरण, डा. समीर डैनियल, डा. हर्षबोध पालीवाल, डा. अभिषेक जेम्स, डा. हेमन्त कुमार, डा. एकता पी मिश्रा, डा. श्वेता गौतम, डा. इबा, डा. अमरीन, डा. बिपाशा, डा सोमनाथ सेन, डा. श्रद्धा, मोहम्मद समीर, सतीष कुमार, संजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बलिया मे खूनी सड़क हादसे में दो की मौत, एक जख्मी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शीतल प्रसाद गुप्ता**

**बलिया।** जिले के दुबहर थाना क्षेत्र के जनेश्वर मिश्रा सेतु पर जनाड़ी चौराहा के पास सुबह भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान उनकी जेब से मिले मोबाइल के आधार पर अमित राय (24) पुत्र अशोक राय, नंदू गोंड (23) पुत्र स्वामीनाथ गोंड निवासी बड़का दीया थाना कृष्णा ब्रह्म जिला बक्सर (बिहार) के रूप में की गई। घायल आशीष राय का उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि बिहार के बक्सर जिले के थाना कृष्णा ब्रह्म सेमरी निवासी घायल आशीष राय और मृतक नंदू गोंड एक बाइक से आ रहे थे। अमित राय रेवती थाना क्षेत्र के हड़िया ग्राम अपने मामा के यहां शुक्रवार को आए थे, जहां से सुबह सेमरी बक्सर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही बलिया के दुबहर थाना क्षेत्र के जनेश्वर मिश्रा सेतु पर जनाड़ी चौराहा के पास पहुंचे कि दोनों बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी बेजोड़ थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची दुबहर पुलिस ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने नंदू और अमित राय को मृत घोषित कर दिया। आशीष राय का उपचार चल रहा है।

# ज्ञानवापी मास्जिद मामले में होगी सुनवाई

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मास्जिद मामले में एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही के अपूर्ण रहने की वजह से वीडियोग्राफी को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। अदालत भी अब इस मामले में बुधवार को होने वाली सुनवाई में इस पर कोई फैसला ले सकती है। मंगलवार को अदालत की कार्रवाई के बारे में स्पष्ट किया गया कि मुस्लिम पक्ष की वजह से ज्ञानवापी बैरिकेडिंग के भीतर वीडियोग्राफी पूरी नहीं हो सकी है। इसके साथ ही हिंदू पक्ष की ओर से तहखाने की जांच करवाने की मांग भी की गई है। अब आज बुधवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से एडवोकेट कमिश्नर बदलने और ज्ञानवापी में वीडियोग्राफी का कार्य पूर्ण कराने सहित तहखाने को लेकर सुनवाई होनी है।

# सुलह समझौता कर नुकसान के लिए 40000 फिर भी धोखे से दर्ज कराया मुकदमा............

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** थाना मऊआइमा अंतर्गत गाँव गोवर्धनपुर निवासी महेंद्र कुमार पटेल पुत्र नन्हे लाल पटेल अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई करके दिनांक 28/9/2021 को जा रहा था कि अचानक एक बच्चा आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में बगल में स्थित एक किराने की दुकान में जा टकराई। जिससे दुकानदार का नुकसान हो गया। नुकसान की भरपाई को लेकर गाँव के ही कुछ संभ्रांत ब्यक्तियों के द्वारा दोनों पक्षों की सहमति पर नुकसान के 25000 रूपया महेंद्र कुमार ने दुकानदार राम लखन पटेल पुत्र स्वर्गीय बृजलाल पटेल को दे दिया। बावजूद 15000 रूपये चबूतरा व दीवार टूटने का लिया। जो पूरा 40000 रु नुकसान के लिए और मामला समाप्त हो गया। लेकिन कुछ महीने बीतने के बाद सुनने में आया कि दुकानदार के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसी बात को महेंद्र कुमार जब पूछने लगा तो दुकानदार राम लखन ने कहा कि सब फर्जी है। मै कोई मुकदमा दर्ज नही करवाया हूँ। पीडित महेंद्र कुमार भरोसा करके वापस आ गया और थाने में जाकर पता किया तो 27/10/2021 की तारीख में मुकदमा अपराध संख्या611/2021 दर्ज था। जिसका नकल लेकर पीडित महेंद्र कुमार दिनाँक 4/5/2022 को दुकानदार राम लखन के पास पहुंचा। और कहा कि जब समझौता हो गया था और नुकसान की भरपाई भी मैने कर दी थी। तो मुकदमा क्यों लिखवाए। जब मुकदमा लिखवा दिए हो तो हमारा पूरा पैसा 40000 रूपये वापस करो। दुकानदार राम लखन पैसा वापस ना करने की बात कहते हुए अपने परिवार के 4 से 5 लोगों को बुलाकर लाठी व डंडे से पीडित महेंद्र कुमार की पिटाई कर दी। जिसके संबंध में पीडित ने थाना मऊआइमा में लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करवाया और फर्जी मुकदमा को समाप्त किये जाने की गुहार शाशन प्रशासन के उच्च अधिकारियों से लगाई। ऐसे लोग जो सुलह समझौता करने के बाद मुकदमा दर्ज करवाने का काम करते हैं उनके नऊपर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

# मंगलवार को रेलवे ने जेसीबी से घरों को गिराया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** रामबाग रेलवे पटरी के किनारे रह रहे लोगों को रेलवे प्रशासन ने हटा दिया है। मंगलवार को रेलवे ने जेसीबी से घरों को गिराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों से सामान हटाए। बताया जा रहा है कि रेलवे के दोहरीकरण कार्य की वजह से रेलवे की पटरी के किनारे बसे लोगों को कई दिन पहले ही रेलवे ने अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था। किसी प्रकार की राहत ना मिलते हुए देखकर पटरी के किनारे बसे लोगों ने अपना सामान हटाने का कार्य शुरू कर दिया था। लेकिन मंगलवार को रेलवे ने जेसेबी से पटरी किनारे बने घरों को गिरा दिया। लगभग 70 परिवारों ने अपने घरों से सामान हटाया और इधर-उधर शरण ली।



# जमाते इस्लामी हिन्द का ईद मिलन समारोह सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** अल अंसार पब्लिक स्कूल नयापुरा कोडापुर के प्रांगण में रविवार 10 बजे दिन जमाअते इस्लामी हिन्द शाखा फूलपुर की जानिब से ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ अब्दुल वाहिद झूसी ने कहा कि यह त्यौहार आपसी भाईचारे सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देता है। ईद के दिन सारे गम भूल कर घर परिवार छोटे-बड़े अजीज अकरबा तथा हिंदू भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारक देना इस त्यौहार का मुख्य उद्देश्य है। ताकि दिलों की दूरियां कम हो। नफरतों की दीवार गिराई जाए। रूठे भाई को गले आज लगाया जाए। यही है ईद का मकसद। आयोजन डॉक्टर सिराजउद्दीन सिद्दीकी ने कहा दोनों मजहबों में ईश्वर ने दो ऐसे त्यौहार ईद और होली देकर वर्ष भर की बुराइयों और नफरतों की दीवार गिराने का आवाहन किया है। मोहम्मद नोमान एवं समीम अहमद अंसारी एडवोकेट ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# जेल के सामने वाहन स्टैंड जिम्मेदारों को पता नहीं

**आजमगढ़।** मंडलीय जिला कारागार के सामने किसकी अनुमति से स्टैंड चल रहा है, यह जिम्मेदारों को भी पता नहीं हैं। यहां तक की जेल प्रशासन भी इससे अनभिज्ञ है। ऐसे में वाहन स्वामियों का बड़े पैमाने पर शोषण हो रहा है। विरोध करने पर पुलिस भी वाहन स्वामियों का साथ नहीं देती है। एरिया को प्रतिबंधित बताते हुए वाहन स्टैंड की ओर से आने वाले लोगों को बाइक मजबूरी में स्टैंड में खड़ा करना पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रतिबंधित क्षेत्र बताने वाली पुलिस भी स्टैंड संचालक का पूरा सहयोग करती है। पुलिस वाहन स्वामियों की शिकायतों को पूरी तरह से नजर अंदाज कर देती है। स्टैंड पर प्रति बाइक 20 रुपये वसूल बकायदा उन्हें पर्ची भी दी जाती है। मजबूरी में लोगों को वाहन खड़ा करता



खदेड़ते रहती है। मंडलीय जिला कारागार में बलिया, मऊ व आजमगढ़ के लोग बंदियों से मिलने के लिए अपने बाइक से काफी संख्या में आते हैं। वह जेल के इर्द-गिर्द अपने वाहन को खड़ा करने का प्रयास करते हैं, तो पुलिस पांच सौ मीटर प्रतिबंधित एरिया बताकर खदेड़ देती है। कुछ दूर आगे खड़ा करने पर स्टैंड संचालक रोकने लगते हैं और दबंगई दिखाते हुए अंदर खड़ा करने का दबाव बनाते हैं। ऐसे में बाहर पड़ता है। प्रतिदिन लगभग सौ से अधिक संख्या में बाइक खड़े किए जाते हैं। जेल के बाहर स्टैंड संचालन की जानकारी नहीं है। जेल के मुख्य गेट के सामने वाहन खड़ा करना प्रतिबंधित है। परिसर के बाहर की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस चौकी की है।वाहन खड़ा करने के लिए जमीन वाले ने अपने स्तर से व्यवस्था किया है। जेल प्रशासन ने गेट के आसपास खड़ा करने पर रोक लगाया है। स्टैंड के लिए टेंडर की बात चल रही है।

# गांव में अमृतसर सरोवर का होगा निर्माण



**सुखपुरा (बलिया)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का विकास किया जाएगा। उत्तर प्रदेश शासन ग्राम विकास विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में प्रत्येक जिलों में इसके लिए योजना बनाने को निर्देश दिए गए हैं। यह बातें सहायक अभियंता लघु सिचाई एसएस यादव ने कहीं। वह सोमवार को कस्बे में स्थित बुढ़वा शिवजी मंदिर के समीप के तालाब का निरीक्षण कर रहे थे। कहा कि प्रत्येक जिला पंचायत अपने जनपद में कम से कम पांच अमृत सरोवर का निर्माण पूर्ण कराएगी। वहीं प्रत्येक क्षेत्र में पंचायत अपने विकासखंड में तीन अमृत सरोवर का विकास मनरेगा, केंद्रीय वित्त आयोग राज्य वित्त आयोग की धनराशि कराएंगे। समस्त अमृत सरोवर के रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी। अमृत सरोवर में वर्ष पर्यंत जल की उपलब्धता बनी रहे इसकी व्यवस्था भी की जाएगी। अमृत सरोवर के तट पर और उसके आसपास नीम, पीपल, कटहल, जामुन, बरगद, पाकड़, महुआ आदि के पौधे लगाए जाएंगे। प्रत्येक जनपद में अमृत सरोवर की कार्य योजना बनाकर विभाग को प्रेषित की जाएगी। वर्षा ऋतु के पहले अमृत सरोवर के निर्माण का कार्य पूर्ण कराने के लिए ग्राम पंचायत सुखपुरा के बुढ़वा शिवजी के मंदिर के पास के तालाब का निरीक्षण करने श्री यादव आए थे। अवर अभियंता संजय कुमार, दीपक कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी भरत सिंह, ग्राम प्रधान अभिमन्यु चौहान, डा.सतीश कुमार, मुनन सिंह, भोला राजभर आदि लोग मौजूद थे।

# गंगा सप्तमी पर चलाया स्वच्छता अभियान मे लिया सफाई का संकल्प

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शीतल प्रसाद गुप्ता**

**बलिया।** गंगा सप्तमी के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र ने रविवार को गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। पतितपावनी को साफ करने व रखने का संकल्प भी लिया। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सलभ उपाध्याय ने बताया कि आज के ही दिन भागीरथी ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए गंगा नदी को स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित किया था। इस दिन गंगा पूजन का विशेष महत्व है। हिमांशु गुप्त ने बताया कि भारत की 40 फीसदी आबादी गंगा नदी पर अपने जीवन के लिए आश्रित है। आज यह नदी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। हम सबको मिलकर यह शपथ लेना है कि गंगा को स्वच्छ, निर्मल व अविरल बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में स्पेयरहेड टीम के जिला प्रशिक्षक हिमांशु गुप्त के नेतृत्व में गंगा दूतों ने गंगा नदी के महावीर घाट की सफाई की। सूर्य नमस्कार व योगा भी किया। इस दौरान पंकज, परमेश्वर, अजीत, गोपी, राजा गोंड, राजा पासवान, अर्जुन, दीपू, राजीव, राहुल आदि थे।



## ढाई आखर प्रेम की यात्रा का डा. राही मासूम रजा के गांव में हुआ स्वागत

**कासिमाबाद (गाजीपुर)।** आजादी के 75वें वर्ष में भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) द्वारा प्रेम, दया, करूणा, बंधुत्व, समता और न्याय से परिपूर्ण हिंदुस्तान के स्वपन को समर्पित ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा निकाली गई है। वह विभिन्न स्वतंत्रता सेनानी, साहित्यकार व सांस्कृतिक कर्मियों के जन्म स्थली से मिट्टी ले रही है। सोमवार को ढाई आखर प्रेम का सांस्कृतिक यात्रा वाराणसी से गाजीपुर जिला में प्रवेश किया। यात्रा कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र गंगौली गांव स्थित महान साहित्यकार डा. राही मासूम रजा के पैतृक घर पहुंची। वहां गांव के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांस्कृतिक यात्रा में शामिल कलाकारों ने डा. राही मासूम रजा को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद डा. राही के जन्म स्थान की मिट्टी उनके भतीजे आमीर हुसैन से प्राप्त की। गांव में प्रेम और भाईचारे का संदेश गीतों के माध्यम से दिया। इप्टा के महासचिव राकेश ने कहा कि यह यात्रा प्रेम और भाईचारे का संदेश लेकर निकली है। वर्तमान परिवेश में ढाई आखर प्रेम का संदेश युवाओं तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। इसके बाद यात्रा मऊ जनपद के लिए रवाना हो गई। इस मौके समाजसेवी प्रीति जायसवाल, पूर्व प्रधान नंदू राजभर, शमीम अहमद, जैगम अब्बास, सारिका कुशवाहा, विनोद जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचाया जाय-वन राज्य मंत्री

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**रणजित सिंह**

**प्रतापगढ़।** निर्देशित किया कि सरकार की सभी योजनाओं का शत् प्रतिशत लाभ जनता को दिलवाया जाये, ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता जैसे लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी के स्तर पर जारी होने वाले प्रमाण पत्रों जैसे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वरासत, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र आदि पूरी पारदर्शिता से एवं समयबद्ध रूप से जारी किये जाये जिनके लिये सामान्य बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने विकास भवन सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री जी ने परियोजनाओं के निर्माण तथा निराश्रित गोवंश गोशाला, स्कूल चलो अभियान, स्कूल में अध्यापकों की उपस्थिति, नगरीय क्षेत्रों मे साफ-सफाई, पेयजल, अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की वितरण, वृक्षारोपण, विद्युत आपूर्ति, महिला अपराध एवं माफिया के विरूद्ध कार्यवाही, उज्जवला योजना आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि वृद्धावस्था, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण के कार्य में तेजी लायी जाये ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी पेंशन से वंचित न रहे और शीघ्र ही उन्हें पेंशन की धनराशि प्राप्त हो। मंत्री से परियोजनाओं को पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने मंत्री जी को आश्वस्त किया कि सभी अधिकारी शासन की मंशानुरूप कार्य करेगें तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। मंत्री के दिशा निर्देशों का शत् प्रतिशत सभी अधिकारी अनुपालन सुनिश्चित करेगें। बैठक में मा सांसद संगम लाल गुप्ता, मा विधायक सदर राजेन्द्र कुमार



नागरिकों को तहसील या ब्लाक का बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। मंत्री ने चिलबिला स्थित पर्यावरण पार्क का निरीक्षण किया तथा वन विभाग के अधिकारियों को पर्यावरण पार्क के सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव बनाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मा0 सांसद संगम लाल गुप्ता, मा0 विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मा0 विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन उपलब्धता, आक्सीजन प्लान्ट, आयुष्भान भारत, सीएचसी एवं पीएचसी पर डाक्टरों की उपस्थिति, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, जल जीवन मिशन, गेहूँ खरीद, डीजी शक्ति योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, पेंशन, छात्रवृत्ति योजना, पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण, पुष्टाहार जी ने जनपद के विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था पर सन्तोष व्यक्त करते हुये कहा कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में और प्रगति लायी जाये। मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का शत् प्रतिशत लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पहुँचाया जाये, योजनाओं को पारदर्शी ढंग से लागू किया जाये तथा समयबद्ध रूप मौर्य,विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया,मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा नेता के घर में लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** फूलपुर नगर पंचायत के शेषपुर उत्तरी नेहरू बाजार निवासी सुरजीत कुमार उर्फ कुमार मंगल पुत्र स्वर्गीय राम कुमार ने फूलपुर थाने में एक तहरीर देकर बीती रात 2:17 बजे पुश्तैनी मकान से आग की लपटे उठती देख डायल 112 को सूचना दी। तत्पश्चात फायर ब्रिगेड को सूचित किया। इस बीच गृह स्वामी की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। किसी प्रकार से आग पर काबू पाया गया। घटना



के समय भुक्तभोगी की माता तथा बहन का एक बच्चा भाई-बहन भतीजी भतीजा सो रहे थे। भाग्य बस सभी बिल्कुल सुरक्षित निकाल लिए गए। वरना रात के दूसरे पहर में भयावह स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता था। कोतवाली में मामले की तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की गई है। सीसीटीवी फुटेज से कुछ संदिग्धों की पहचान कराई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मकान में आग कैसे लगी है। इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

# ट्रामा सेंटर चालू होने की उम्मीद मरीजों को मिलेगी सहूलियत

**बलिया।** जिला अस्पताल परिसर में स्थापित ट्रामा सेंटर की ओर सरकार ने ध्यान दिया है। एक दिन पहले जिले में आए राज्यमंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के क्रम में अस्पताल परिसर में मौजूद ट्रामा सेंटर का भी निरीक्षण किया। ट्रामा सेंटर में मौजूद आधुनिक आपरेशन कक्ष की मशीन, जीवनरक्षक उपकरण व पांच वेंटिलेटर आदि को देख मंत्री दंग रह गए। ट्रामा सेंटर चालू नहीं रखने के बाबत मंत्री ने अस्पताल के सीएमएस से पूरी जानकारी हासिल की। सीएमएस डा. दिवाकर सिंह ने बताया कि एक्सपर्ट के अभाव में ट्रामा सेंटर पूरी तरह चालू नहीं किया जा रहा है। मंत्री ने इसे गंभीरता से लिया और आश्वस्त किया कि इसमें एक्सपर्ट की तैनाती के लिए प्रयास किया जाएगा। ट्रामा सेंटर चालू हो जाता है तो यह जिले के गंभीर मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। सुविधा के अभाव में ही जिले से हर माह औसतन 200 गंभीर मरीजों को वाराणसी भेज दिया




जाता है। रेफर की स्थिति में कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। ट्रामा सेंटर का निर्माण 157.43 लाख रुपये से हुआ था। 20 दिसंबर 2016 को प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शिवाकांत ओझा ने उद्घाटन किया था। तब से लेकर अब तक पांच साल हो गए लेकिन ट्रामा सेंटर में उपचार की सेवाएं नहीं बहाल हो सकीं। मंत्री के निरीक्षण से ट्रामा सेंटर चालू होने की कुछ उम्मीद जरूर जगी है। कोरोना काल में वेंटिलेटर कंट्रोल कोरोना काल में जिला अस्पताल के चिकित्सकों को वेंटिलेटर कंट्रोल करने की ट्रेनिग दी गई थी। उसमें से कुछ चिकित्सकों को तैनात कर ट्रामा सेंटर में मरीजों को वेंटिलेटर की सुविधा दी जा सकती थी, लेकिन विभाग की ओर से ऐसा नहीं किया। ट्रामा सेंटर के लिए चिकित्सकों सहित कुल 50 स्टाफ की जरूरत है। अभी के समय में इसमें हड्डी रोग के दो चिकित्सक बैठते हैं। इसके अलावा वैक्सीनेशन का कार्य होता है। बाद बाकी सभी सुविधाएं बंद पड़ीं हैं। जिला अस्पताल में 25 चिकित्सक चाहिए। उसके सापेक्ष 19 चिकित्सक तैनात हैं। वर्जन ट्रामा सेंटर को चालू करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। वेंटिलेटर और चिकित्सा से जुड़ी अन्य आधुनिक मशीनों को कंट्रोल करने के लिए एक्सपर्ट की डिमांड भेजी गई है। स्टाफ के मिलते ही सभी सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी।


## सम्पादकीय

# गीता कोई धार्मिक कर्मकांड का ग्रंथ नहीं है तो उसकी अन्य पंथ-मजहबों के आस्था ग्रंथों से तुलना उचित नहा

तुलना बराबर वालों के बीच होती है। गीता, बाइबल और कुरान समतुल्य नहीं है, लेकिन कर्नाटक में गीता और बाइबल की तुलना राष्ट्रीय चर्चा में है। राज्य के एक स्कूल ने अभिभावकों से कहा है, 'आप सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा सभी अवसरों पर उपस्थित रहेगा और साथ में बाइबिल रखने पर आपत्ति नहीं करेगा।' हिंदू जनजागृति मंच ने इसका विरोध किया है। आर्चबिशप ने इसका खंडन किया है। उक्त स्कूल ईसाई अल्पसंख्यक सुविधा के अंतर्गत संचालित है। कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा है कि धार्मिक पाठ शैक्षिक पाठ्यक्रम का भाग नहीं हो सकते। उनसे गीता के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, 'गीता सामाजिक मूल्यों व उत्कृष्ट जीवन का संदेश देती है। गीता में धार्मिक कर्मकांड नहीं है, जबकि बाइबल कहती है कि ईसाई होने के लिए बाइबल पर विश्वास जरूरी है। गीता में ऐसे कथन नहीं हैं।' गीता कोई निर्देश नहीं देती। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा, 'मैंने सभी रहस्यों वाला ज्ञान दिया है। इस पर गहन विचार करो और जैसी इच्छा हो, वैसा करो।' यहां कोई आज्ञा नहीं। पूर्ण कर्म स्वतंत्रता है।धर्म, रिलीजन, पंथ और मजहब एक नहीं। पंथ, मजहब और रिलीजन विश्वास हैं। सबके एक-एक देवदूत हैं और सबके एक-एक पवित्र ग्रंथ हैं। उनके कथन मानना अनिवार्य है। न मानने पर दंड की व्यवस्था है। उनकी मान्यताओं पर तर्क नहीं होते। धर्म भारतीय जीवनशैली की आचार संहिता है। यह किसी देवदूत की उद्घोषणा नहीं है। धर्म का न एक आस्था ग्रंथ है और न एक देवदूत। इसका सतत विकास हुआ है। वैदिक काल में पूर्वजों ने प्रकृति की शक्तियों में नियमबद्धता देखी थी। जल प्रवाह ऊपर से नीचे प्रवाहमान है और अग्नि नीचे से ऊपर। वसंत, हेमंत, शिशिर और मेघ नियमबद्ध हैं। पूर्वजों ने प्रकृति के इस संविधान को 'ऋत' कहा। ऋग्वेद के वरुण, धर्म-अनुशासन के देवता हैं। धरती आकाश इन्हीं के नियमों से धारण किए गए हैं- वरुणस्य धर्मणा। प्राकृतिक नियम धारण करना धर्म है। वैदिक साहित्य में ऋत और धर्म पर्यायवाची हैं। ऋत कर्म बनता है, तब धर्म बनता है। प्रकृति की सभी शक्तियां ऋत का पालन करती हैं। मनुष्य का आचरण भी नियमबद्ध होना चाहिए। ऋत सत्य है। सत्य का अनुसरण धर्म है। कालक्रम में धर्म में बहुत कुछ जुड़ता रहा। धर्म जड़ नहीं। गतिशील आचार संहिता है।धर्म में आस्था और विश्वास से भी संवाद की परंपरा है। परंपरा वैदिक ऋषियों ने दी। उत्तर वैदिक काल में नई परंपराएं जुड़ीं। आस्था और धर्म से संवाद जारी रहा। गीता आस्था और विश्वास से संवाद का ग्रंथ है। गीता के चौथे अध्याय में प्राचीन ज्ञान परंपरा का उल्लेख है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि 'प्राचीन काल में मैंने यह ज्ञान सूर्य को दिया था, लेकिन कालक्रम में यह ज्ञान नष्ट हो गया।' वह कहते हैं कि जब धर्म का पराभव होता है, तब अव्यवस्था आती है और धर्म की स्थापना के लिए ही मैं बार-बार प्रकट होता हूं। गीता में ज्ञान योग है, कर्म योग है। संसार को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। महाभारत युद्ध में परिजनों को युद्ध तत्पर देखकर अर्जुन को विषाद हुआ। वह पलायन को कर्तव्य समझ रहा था। कर्म विमुख हो रहा था। सो गीता में अर्जुन के प्रश्न हैं। जीवन की समस्याओं के समाधान हैं। मार्क्सवादी डीडी कोसांबी ने लिखा, 'क्या कोई संस्कृत कृति नहीं थी, जिसने भारतीय चरित्र को उसी प्रकार आकारित किया, जिस प्रकार सर्वतीज डान क्विजोत ने स्पेनी विद्वानों को प्रभावित किया है। एक पुस्तक काफी हद तक इसी कोटि की है। वह गीता है।' बंगाल में चार्ल्स विल्किंस ने गीता का अनुवाद किया। गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने प्रशंसा की। जर्मन भाष्यकार जेडब्लयू होवर ने लिखा, 'यह सब कालों में सब प्रकार के सार्वजनिक जीवन के लिए प्रामाणिक है।हिंदुओं का कुरान और बाइबल जैसा कोई एक आस्था ग्रंथ नहीं है। डा. आंबेडकर ने इस पहलू पर चिंता व्यक्त की थी। गीता में प्रशन्-प्रतिप्रशन् हैं। तर्क और प्रतितर्क हैं। गीता का तत्व ज्ञान कर्तव्य पालन के लिए है। उपनिषद गीता से बहुत प्राचीन है। उनमें भी तत्वदर्शन है। कठोपनिषद के यम, नचिकेता से कहते हैं-उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरानिन्बोधत। उठो, जागो, वरिष्ठों से बोध पाओ। गीता में कृष्ण भी अर्जुन को कठोपनिषद वाली भाषा में उत्तिष्ठ अर्थात उठो कहते हैं, पर दोनों उत्तिष्ठ अलग हैं। श्रीकृष्ण तत्व ज्ञान देने के बाद कहते हैं, 'उत्तिष्ठ, यशो लभस्व अर्थात उठो, यश प्राप्त करो और राज्य भोगो।' गीता के तत्व ज्ञान का उपयोग लोक मंगलकारी है।असल में सारी कठिनाइयां एक से अनेक धर्म मानने की हैं। लोग हिंदू, इस्लाम और ईसाइयत को धर्म कहते हैं। ईसाई और इस्लाम धर्म नहीं हैं। धर्म एक है। स्वयंपूर्ण है। प्राकृतिक है। सतत विकासशील है। अंधविश्वास से मुक्त है। गांधी जी परिपूर्ण धार्मिक थे। उन्होंने धार्मिक आदर्शों के अनुरूप 'ईश्वर अल्लाह तेरे नाम' कहा था, लेकिन इस्लाम अल्लाह के अलावा किसी को ईश्वर नहीं मानता। गांधी जी की बात इस्लाम अनुयायी नहीं मान पाए। भारतीय राजनीति में भी सभी धर्म समान कहे जाते हैं, परंतु वास्तविकता यह नहीं है। धर्म एक है और वह अन्य पंथों से तुलनीय नहीं है। गीता निष्काम कर्म योग का ग्रंथ है। गीता में ऋग्वेद के विराट पुरुष का विश्वरूप है। उसमें सबके लिए उपयोगी विषयों का भी विवेचन है। ज्ञान और बुद्धि की प्रतिष्ठा है। आहार के गुणधर्म की अर्थपूर्ण चर्चा है।गीता के अनुसार सभी कर्म यज्ञ हैं। जीवन में श्रद्धा की महत्ता है। इससे अवसाद नहीं होता।

# लोग समान व्यवहार, सम्मान, नैतिकता और कानून चाहते हैं, जबकि इस्लामी नेता और उनके वामपंथी सहयोगी एक विशेषाधिकार का दबाव बना रहे हैं....................

इन दिनों यूरोप और अमेरिका में ब्लासफेमी यानी ईशनिंदा रोकने के लिए कानून बनाने पर विवाद हो रहा है। एक ओर राजनीतिक इस्लाम के सिद्धांत, व्यवहार और इतिहास के प्रति चेतना बढ़ रही है तो दूसरी ओर इस्लामोफोबिया यानी इस्लाम से डराने का आरोप बढ़ रहा है। हाल में संयुक्त राष्ट्र की ओर से 15 मार्च को इस्लामोफोबिया विरोधी दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित होने के बाद बहस और तेज हो गई है। इस प्रस्ताव पर भारत के साथ फ्रांस ने भी चिंता जताई थी। अमेरिका और यूरोप के नेता और साथ ही मीडिया दुविधा में पड़े हैं। नियमित घटने वाले जिहादी कांड, दुस्साहसी मांगें और राष्ट्रीय कानूनों के खुले उल्लंघन सबके सामने हैं। अब इन घटनाओं की लीपापोती असंभव है, किंतु उसे रोकने के लिए कार्रवाई करने पर हीलाहवाली चल रही है। इस दुविधा में एक कारक वामपंथी बौद्धिकों का दबाव भी है, जो राजनीतिक इस्लाम के बचाव में तरह-तरह के तर्क देते रहते हैं, लेकिन आम यूरोपीय जनता अब सच्चाई समझ चुकी है। बौद्धिक-राजनीतिक वर्ग में खींचतान के बीच इस्लामी राजनीतिक समूह दबाव बढ़ा रहे हैं।




इस्लामोफोबिया के आरोप और ब्लासफेमी पर कानून बनाने की मांग उसी का अंग है। कुछ समय पहले इंडियन मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड भी यह मांग कर चुका है। इस्लामी राजनीतिक समूह अपना इतिहास बखूबी जानते हैं। वे यह भी जानते हैं कि गैर-मुस्लिम समाज और उनके नेता उससे अपरिचित हैं। इसी का लाभ उठाकर वे धार्मिक भावनाओं के सम्मान की आड़ में अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं, किंतु धार्मिक भावनाओं का सम्मान एकतरफा नहीं हो सकता। शरीयत के कायदे मानवीयता और लोकतांत्रिक समाजों की संस्कृति के खिलाफ हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में किसी भी कानून, नेता, पंथ, प्रोफेट, संत आदि की भी आलोचना का अधिकार शामिल है। चर्च और जीसस की खुली आलोचना यूरोप में सदियों से होती रही है। अतः इस्लाम की आलोचना रोकने की मांग यूरोपीय सभ्यता को ही बांधने जैसी है। इस्लामी कायदे स्वयं इस्लामी समाज की स्त्रियों और बच्चों के लिए हानिकारक हैं। शरीयत के कायदे लोकतांत्रिक देशों की उदार समानतापूर्ण संस्कृति के विपरीत हैं। भिनन् मत या धर्म मानने वालों के प्रति यूरोप, अमेरिका में सहज सम्मान सर्वविदित है। इसीलिए दुनिया भर के लोग वहां सहजता से रहने जाते हैं। यह चीज इस्लामी समाजों, देशों में नहीं है। शरीयत के कायदे गैर-मुस्लिमों को हीन मानकर तरह-तरह की पाबंदियां और अपमान थोपते हैं। यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों ने अपनी वैचारिक स्वतंत्रता लंबे संघर्ष और सामाजिक विकास के क्रम में हासिल की है। अब इस्लामी समूह यह कहकर उस पर पाबंदी लगाना चाहते हैं कि उनके रिवाजों, शरीयत आदि की आलोचना नहीं होनी चाहिए। इस आलोचना को ही इस्लामोफोबिया और ब्लासफेमी कहते हैं। यहां तक कि वे स्वयं प्रामाणिक इस्लामी किताबों के विवरण का उल्लेख भी रोकना चाहते हैं, क्योंकि उससे राजनीतिक इस्लाम की सच्चाई सामने आती है। दूसरी ओर यही इस्लामी समूह अन्य धर्मों, उनके प्रोफेट, देवी-देवता और पूजा-पद्धति को 'कुफ्र', 'झूठे आदि कहना अपना अधिकार मानते हैं। वे अन्य धर्म-विश्वासों, उनके श्रद्धास्थलों, प्रतीकों की अवमानना तक करते हैं- न केवल इस्लामी राज वाले देशों, वरन यूरोप, अमेरिका, भारत जैसे देशों में भी। सारी दुनिया में यह दोहरापन गैर-मुस्लिम जनता अब अधिकाधिक देख समझ रही है। वह समान व्यवहार, सम्मान, नैतिकता और कानून चाहती है। वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखना चाहती है, जबकि इस्लामी नेता और उनके वामपंथी सहयोगी एक विशेषाधिकार का दबाव बना रहे हैं। ब्लासफेमी कानून बनाने की मांग उसी का अंग है। यह मांग करने वाले ऐसा कानून नहीं चाहते जो सभी धर्मावलंबियों को समान सम्मान तथा किसी भी विध्वंस से सुरक्षा दे, बल्कि ऐसा कानून चाहते हैं, जो केवल इस्लाम की आलोचना रोके। इस्लामी समूह यह दोहरी जिद इतने खुले रूप में रखते हैं कि हैरत होती है। फ्रांस के अलावा किसी पश्चिमी यूरोपीय देश के राजनीतिज्ञ इस पर कोई खास विचार नहीं कर रहे, बल्कि कई लोग तो फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों की आलोचना तक करते हैं कि क्यों उन्होंने इस पर बहस आरंभ की फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव में मैक्रों की पुनः जीत ने दिखा दिया कि फ्रांसीसी जनता इस्लामी समूहों का दबाव ठुकराना चाहती है। यह इससे भी साफ है कि मैक्रों की प्रतिद्वंद्वी मरीन ला पेन इस्लाम की और भी कठोर आलोचक हैं। अतः मैक्रों द्वारा जारी 'जिहादी खतरेऽ नामक दस्तावेज पर यूरोपीय समुदाय को विचार करना होगा। इसके अनुसार, जिहादी हिंसा और धमकी के दबाव में दो प्रकार की नैतिकता, दो तरह के कानून और दो प्रकार के व्यवहार को स्वीकार करना आधुनिक सभ्यता पर मर्मांतक चोट करेगा।

# देश के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक ढांचे पर अपना वर्चस्व रखने वाले एक वैचारिक वर्ग को पाठ्यक्रम में तार्किक परिवर्तन भी अखरते हैं

किसी भी उदार, जीवंत एवं गतिशील समाज में वांछित एवं युगीन परिवर्तन की प्रक्रिया सतत चलती रहती है। इसमें शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, किंतु दुर्भाग्य से कई दशकों तक देश की सत्ता को नियंत्रित करने वाली शक्तियों ने शिक्षा को वांछित परिवर्तन का वाहक बनाने के बजाय दल एवं विचारधारा विशेष के प्रचार-प्रसार का उपकरण बनाकर रख दिया। शैक्षिक संस्थाओं के शीर्ष पदों पर निष्पक्ष, योग्य एवं अनुभवी विद्वानों-विशेषज्ञों के स्थान पर दल एवं विचारधारा-विशेष के प्रति झुकाव रखने वालों को वरीयता मिलती गई। परिणामस्वरूप संपूर्ण शिक्षा, कला एवं साहित्य जगत ही वैचारिक खेमेबाजी एवं पूर्वाग्रहों का अड्डा बनता चला गया। इस तबके ने शिक्षा सामर्ग्री में किसी भी तार्किक परिवर्तन का सदैव विरोध किया है। ताजा हंगामा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा नौवीं से बारहवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में आंशिक परिवर्तन पर मचाया जा रहा है। दरअसल बोर्ड ने कक्षा 11वीं और 12वीं के इतिहास एवं राजनीतिशास्त्र के पाठ्यक्रम से गुटनिरपेक्ष आंदोलन, शीतयुद्ध-काल, अफ्रीकी-एशियाई देशों में इस्लामिक साम्राज्य की स्थापना, उदय एवं विस्तार, मुगल दरबार का इतिहास और औद्योगिक क्रांति से जुड़े अध्यायों को हटाने का निणन्य लिया है। इसी प्रकार कक्षा 10 के पाठ्यक्रम से 'कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभाव' नामक सामग्री भी हटा ली गई है। अभी तक यह 'खाद्य सुरक्षा' पाठ के अंतर्गत पढ़ाई जा रही थी। इसके साथ ही 'धर्म, सांप्रदायिकता और राजनीति सांप्रदायिकता, पंथनिरपेक्ष राज्य' से फैज अहमद फैज की उर्दू में लिखी दो नज्में भी हटाई गई हैं। 'लोकतंत्र और विविधता' नामक अध्याय भी पाठ्यक्रम से हटा लिया गया है। गणित एवं विज्ञान के पाठ्यक्रम में से भी कुछ अध्याय हटाए गए तो कुछ जोड़े गए हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की संस्तुतियों पर पाठ्यक्रम को अधिक युक्तिसंगत, समाजोपयोगी एवं वर्तमान अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए ये परिवर्तन किए गए हैं। पाठ्यक्रम को रोचक, रचनात्मक, ज्ञानवर्धक, बोधगम्य एवं प्रासंगिक बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे परिवर्तन पूर्व में भी किए जाते रहे हैं। वैसे भी इतिहास और सामाजिक विज्ञान से जुड़ी किताबें कोई आसमानी किताब



या समाज-जीवन से नितांत निरपेक्ष एवं पृथक पाठ्यपुस्तक तो हैं नहीं कि उनमें कोई परिवर्तन न किया जा सके। आदर्श स्थिति तो यही होगी कि विज्ञान एवं तकनीकी की सहायता से अब तक अदृष्टिपूर्व एवं अलक्षित ऐतिहासिक-पुरातात्विक स्रोतों, साक्ष्यों-तथ्यों आदि पर गहन शोध एवं विशद अध्ययन कर नई-नई जानकारियों को सामने लाया जाए और उन्हें पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं। उल्लेखनीय है कि 11वीं के इतिहास के पाठ्यक्रम में घुमंतू या खानाबदोश साम्राज्य (नोमेडिक एंपायर) 12वीं में 'यात्रियों की नजरों से' तथा 'किसान, जमींदार और राज्य' शीर्षक को जोड़ा गया है। वहीं राजनीतिशास्त्र में 'समकालीन विश्व में सुरक्षा' नामक अध्याय के अंतर्गत 'सुरक्षाः अर्थ और प्रकार, आतंकवाद', 'पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन' अध्याय के अंतर्गत 'पर्यावरण आंदोलन, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण' तथा 'क्षेत्रीय आकांक्षाएं' के अंतर्गत 'क्षेत्रीय दलों का उदय, पंजाब संकट, कश्मीर मुद्दा, स्वायत्तता के लिए आंदोलन' जैसे टापिक्स को सम्मिलित किया गया है। क्या इसमें कोई दोराय हो सकती है कि ये मुद्दे वर्तमान समय-समाज, प्रकृति-परिवेश तथा देश-दुनिया के हितों व सरोकारों से बहुत गहरे जुड़े हैं? सजग एवं प्रबुद्ध वर्ग ही नहीं, अपितु सामान्य समझ रखने वाला साधारण व्यक्ति भी सरलता से यह आकलन कर सकता है कि इन विषयों का अध्ययन-अनुशीलन शांति, सहयोग और सह-अस्तित्व पर आधारित जीवन मूल्यों को विकसित करने में कितना सहायक है। क्या यह सत्य नहीं कि विविध विषयों के पाठ्यक्रमों में अपेक्षित सुधार एवं परिवर्तन की मांग दशकों से की जाती रही है। शिक्षा संबंधी सभी आयोगों एवं समितियों द्वारा इसकी संस्तुतियां की जाती रही हैं तथा अधिकांश शिक्षाविद भी इसके प्रबल पैरोकार रहे हैं सत्य यही है कि इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में व्यापक परिवर्तन समय की मांग है। वस्तुतः हमारा पूरा इतिहास लेखन दिल्ली केंद्रित है। वह आक्रांताओं के आक्रमणों, विजय-अभियानों, वंशावलियों तक सीमित है। मध्यकालीन एवं आधुनिक भारत का समूचा इतिहास दिल्ली सल्तनत, मुगल वंश, ईस्ट इंडिया कंपनी, अंग्रेज लार्डों व सेनानायकों एवं स्वतंत्रता आंदोलन के नाम पर कतिपय नेताओं के इर्द-गिर्द सिमटकर रह गया है। देश केवल राज्य, राजधानी और उस पर आरूढ़ सुल्तानों-सत्ताधीशों एवं चंद चेहरों तक सीमित नहीं होता। उसमें भूमि, नदी, पर्वत, वन, उपवन और उन सबसे अधिक सर्व साधारण जन, उनके संघर्ष, सुख-दुख आदि सम्मिलित होते हैं। परंतु जन-गण-मन की बात तो दूर, हमारी पाठ्यपुस्तकों में मौर्य, गुप्त एवं मराठा साम्राज्य जैसे कतिपय अपवादों को छोड़कर शेष सभी भारतीय, मसलन-चोल, चालुक्य, पाल, प्रतिहार, पल्लव, परमार, मैत्रक, राष्ट्रकूट, वाकाटक, काकीट, काकतीय, सातवाहन, विजयनगर, मैसूर के ओडेयर, असम के अहोम, नगा, सिख आदि तमाम प्रभावशाली राज्यों व राजवंशों की चर्चा लगभग नगण्य है। यही नहीं, भारतीय राजाओं की गणना में चंद्रगुप्त, अशोक, विक्रमादित्य, हर्षवर्धन, महाराणा सांगा, महाराणा प्रताप, शिवाजी, बाजीराव पेशवा जैसे चंद नामों को छोड़कर शायद ही कुछ अन्य नाम हमें सहसा याद आते हों। इन सभी को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए बिना न तो समग्र एवं संपूर्ण राष्ट्रबोध विकसित किया जा सकता है और न अपनी समृद्ध एवं वैविध्यपूर्ण सांस्कृतिक विरासत को ही समझा जा सकता है।

# क्या वाकई पत्रकारो से चिढ़ते है पुलिस के लोग

**(आधुनिक समाचार सेवा )**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** पत्रकारिता हमेशा से एक जोखिम भरा कार्य रहा है लेकिन सरकारी अमला न तो इनसे चिढ़ता था और न ही समाचार छपने के बाद बदले की भावना से काम करता था ।मेरे पत्रकारिता के अट्ठाईस वर्ष के अनुभव यह अवश्य बताते हैं कि भ्रष्टाचार का जो माहौल आज है वह पहले इतने बड़े पैमाने पर नहीं दिखता था ।नेता ईमानदार हुआ करता था, अखबारो मे नाम छपने पर उसे गौरव बोध होता था क्यो कि उसका नाम अच्छेकामों के लिये छापा जाता था समय बदलता गया नेता और अधिकारियो की युगलबंदियां शुरू हुई नौकरशाह नेताओं को धन कमाने का गुर सिखाने लगा यहीं से भ्रष्टाचार की नींव पड़ने लगी लेकिन उन्हें अखबार बालों से डर लगता था क्योकि खबर लिखने वाला न तो स्वार्थी होता था और न ही लालची वह भी खबर आज की तरह हवा मे नहीं पुख्ता सबूतों के आधार पर लिखा करता था ।उसकी लेखनी इतनी दमदार हुआ करती थी कि देश के बड़े वहदेदार उसके सामने बौने हुआ करते थे ।पुलिस की कोई औकात नहीं थी कि एक पत्रकार पर हाथ क्या उंगली उठा दे। लेकिन इस देश की अफसरशाही और नेतागीरी दोनो ने मिलकर एक पत्रकार की कलम को लालच के शिकंजे मे कसकर उसे बंधक बना दिया। अब पत्रकार भी चका चौंध की दुनिया का पुजारी बनने लगा कलम की पवित्रता नाले का कीचड़ बनने लगी गली मुहल्लों मे शराब की दूकानों की तरह पत्रकारिता भी बिकने लगी ।अब कलमकार की जगह हाकर संवाददाता बनाए जाने लगे। अखबार मिशन नहीं व्यापार की राह पर बढ़ निकला। कुछ पूंजीपति भी अखबार उद्योग मे कूद पड़े और सरकार की लचर नीतियों ने इस पवित्र पेशे को गंदे नाले की तरह विभिनन् प्रकार के वैक्टेरिया से पोषित कर दिया। आज भी गौतम बुद्ध नगर जनपद मे कयी ऐसे दैनिक अखबार है जो बाजार या पाठकों के पास नहीं पहुचता फिर भी प्रदेश सरकार के यहाँ प्रतिष्ठित अखबारो की श्रेणी मे स्थान पाकर प्रतिमास लाखो का विज्ञापन प्राप्त करता है।अब आता हूं मूल विंदु पर कि पुलिसवाले पत्रकारो से चिढ़ते क्यों है? पहले एक कहावत कही जाती थी चोर चोर मौसेरे भाई, लेकिन यहाँ कहावत के उलट है ये भाई नहीं एक दूसरे के दुश्मन हैं ।पुलिसवाले महकमा लूट के लिए बदनाम तो है ही ।वह लत्ते को सांप व सांप को लत्ता बनाने मे माहिर होता है, इधर हाकरछाप पत्रकार भी चारपाई से उठते ही डायरी पेन लेकर थाने के सामने चाय पानी की दुकान पर बैठ कर अपना उल्लू सीधा करने की जुगत मे लग जाते है कुछ तो इतने बेशर्म होते है जो सिपाही तक को नहीं बख्शते। चाय पीने के लिए पैसे मांग लेते है। ऐसे ही पत्रकार पुलिस के लिए सिर दर्द बन जाते है और मौका मिलते ही पुलिस वाला सबक सिखाने मे बिलम्ब नहीं करता। ये तो रहा एक आम पहलू जिसे हर आदमी दर किनार कर देता है।वास्तविकता तो यह है कि जो वास्तविक कलमकार है वह पुलिस वालों के लिए चौबीस घंटे खौफ बना रहता है। यह खौफ थानाध्यक्ष पर अधिक होता है जैसा इस समय देखा व सुना जा रहा है यहाँ प्रतिदिन कोई न कोई गम्भीर अपराध हो रहे है जिसे महोदय रिपोर्ट न लिखकर छुपाने का प्रयास करते आ रहे हैं। अपराधियों से मिलकर अपराध के बढ़ावे मे भी पुलिस का हाथ रहता है इससे भी इनकार नही किया जा सकता। रिश्वत लेकर केस की लीपापोती इनका जन्मसिद्ध अधिकार है। ऐसे प्रवृत्ति वाले पुलिस कर्मी क्षेत्रीय संवाददाता पर रिश्वत के डोरे डालते हैं । इस काम मे जब विफल होते रहते है और जब पुलिस के गंदे कारनामे अखबार की सुर्खियां बनते हैं तब तिलमिलाया पुलिस महकमा उनकी चड्डी उतरवाने का मन बनाता है, स्थानीय नेताओं को साधता है क्यो कि दोनो भ्रष्टाचारी एक छोटी सी कलम से आये दिन शर्मसार हुआ करते हैं। भाइयों बात यहीं नही रुकती एक कलम का सिपाही कितनी जलालत झेलता है आप को अंदाजा नही होगा। कोटेदार से लेकर मंत्री तक की निगरानी रखने वाला यह पत्रकार नाम का जीव अब किसी को अच्छा नही लगता। इसकी तीखी कलम के जाल मे कब, कौन फंस जायेगा यह स्वयं को भी नहीं पता रहता। इसलिए नीचे से लेकर ऊपर तक के लोग तंग है भला पुलिस वाला कब चाहेगा उसकी बेइज्जती हो। दूसरा पहलू अगर देखा जाए तो आजका पत्रकार दिनभर गली गली घूमकर खबरे इकट्ठा करता है। लोगों की धक्का मुक्की भी खाता है। लेकिन ऐसे ईमानदार पत्रकारो के घर का चूल्हा कैसे जलता है इसकी परवाह हमारे शासन प्रशासन को नही है। आप बताइए कोई भी सरकार रही हो आज तक पत्रकारो के लिए किसी सरकार ने कुछ सोचा । कोई बजट कही पर पत्रकारों के लिए है। कोई योजना आजतक किसी सरकार ने पत्रकारो के लिए निकाली। पत्रकार दिन भर सडक पर दौडता है किसी सरकार ने पत्रकार की चिकित्सा वीमा के लिए सोचा । कोरोना काल मे सभी वर्ग को कुछ न कुछ आर्थिक सहयोग मिला पत्रकारो को क्या मिला।आखिर यह अपनी जिन्दगी कैसे जिऐ। जरा बताइयेगा । इस समाज मे देश का चौथा स्तम्भ कहा जाने वाला पत्रकार दर दर भटक रहा है ।हमारी सरकार को मानवता के कारण इस वर्ग पर भी ध्यान देने की जरुरत है खैर कोई बात नही आगे आगे देखो होता है क्या ।

# भाजपा नोएडा का 3 दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आज से शुरू

**(आधुनिक समाचार सेवा )**
**देव मणि शुक्ल**


**नोएडा ।** भाजपा नोएडा महानगर का ज़िला प्रशिक्षण वर्ग का आज से शुभारम्भ हो गया है। ये 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का कार्यक्रम - सेक्टर 62, अवीयर एजुकेशन हब में हो रहा है ये वर्ग 3 दिन तक चलेगा, जिसके चलते हर दिन अलग अलग सत्र हो रहे हैं जिसमें प्रदेश और क्षेत्र से अधिकारी अलग अलग सत्र लेते हैं। इन सत्रों में नॉएडा में रह रहे सभी प्रदेश, क्षेत्र, ज़िले, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकरी का प्रशिक्षण चल रहा है। आज प्रथम दिन में 5 सत्र हुए , जिसमें पहला और उद्घाटन सत्र नोएडा विधायक पंकज सिंह का रहा, सत्र था भाजपा इतिहास एवं विकास जिसमें भाजपा का इतिहास को उन्होंने सभी से साझा किया। उन्होंने बताया डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार पर भारत के चुप रहने पर जवाहरलाल नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया और 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की। डॉ. मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ ने कश्मीर को विशेषाधिकार देने का विरोध किया। उन्हें जेल में डाल दिया गया, जहां उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 1977 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल खत्म कर चुनाव कराने का फैसला किया तो जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर सभी कांग्रेस-विरोधी दल एकजुट हुए और 'जनता पार्टी' बनाई। भारतीय जनसंघ का जनता पार्टी में विलय 1 मई 1977 को हुआ।आज का दिन है जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ही की अगुवाई में भाजपा 2014 से पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत है। आज पूरे विश्व में भारत का नाम एक महाशक्ति की तरह लिया जा रहा है।दूसरा सत्र हमारा विचार परिवार का रहा जिसको क्षेत्र मंत्री बिजेंद्र नागर ने लिया। उन्होंने बताया 1925 में डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना करी। संघ का मुख्य उद्देश सांस्कृतिक व्यक्ति निर्माण करना और संगठित समाज के आधार पर देश को परम वैभव पर ले जाना है। इसके लिए संघ दैनिक शाखा पद्मावती पर रहा परिवार के विभिनन् संगठन इस प्रकार है इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भारतीय मजदूर संघ भारतीय किसान संघ भारतीय जनता पार्टी विश्व हिंदू परिषद विद्या भारती वनवासी कल्याण आश्रम हिंदू जागरण मंच संस्कृत भारती संस्कार भारती स्वदेशी जागरण मंच आदि रहे।तीसरा सत्र-2014 के बाद आया युगांतकारी परिवर्तन पर रहा जिसको क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनसिंघ गोस्वामी जी ने



लिया उन्होंने बताया 1951 से 2014 तक तरह-तरह के कालखंड भारत में समाजवादी सरकार, कांग्रेस सरकार रहे। 2014 में भाजपा को पूर्ण निर्वाचित कर गठबंधन की राजनीति और अस्तित्व को समाप्त कर भाजपा को पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई। भारतीय राजनीति में सबसे बड़ी 3 घटनाएं हुई जिसमें भारत के संविधान से धारा 370 को निष्प्रभावी बना कर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाना, राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण तथा भारत के नागरिकों को तीन तलाक तीन तलाक प्रथा से मुक्त किया गया आज भारतीय जनता पार्टी केवल भारत के विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। चौथा सत्र बदली हुई परिस्थिति में भाजपा का दायतित्व और भाजपा के वैशिष्ट्य की समझ पर रहा जिसको नोएडा ज़िला संगठन प्रभारी बसंत त्यागी ने लिया। उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी एक विचारनिष्ठा पार्टी है, हम कार्यकर्ता आधारित जन संगठन है कार्यकर्ताओं को निर्माण एवं कार्य पद्धति का विकास हमारी विशेषताएं जाती है, हम कार्यकर्ता आधारित जन संगठन है कार्यकर्ताओं का निर्माण एवं कार्य पद्धति का विकास हमारी विशेषता है। भाजपा की राजनीति में भाजपा एकमात्र दल है जिसका विभाजन नहीं हुआ, देशभक्ति हमारे रक्त का रंग है हम वोट बैंक वादी राजनीति नहीं बल्कि राष्ट्रवादी राजनीति करते हैं सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास हमारी कार्य पद्धति एवं विचारधारा का निष्कर्ष है। अपने दायित्व को ठीक प्रकार समझकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को महान लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सहायता देना हमारी जिम्मेदारी है, हमारा नेतृत्व हमारा संगठन एवं हमारा विचारधारा इन तीनों को मिलाकर हमें यह दायित्व निभाना होगा। पाँचवा सत्र भारत की मुख्य विचारधारा- हमारी विचारधारा का रहा जिसको पंचायती राज मंत्री भूपेन्द्र चौधरी ने लिया । उन्होंने बताया भारत की आजादी के बाद की राजनीति का वैचारिक अधिष्ठान मुख्यतः पश्चात रहा है। आजादी के पूर्व का गांधी विचार लोकमान्य तिलक एवं श्री अरविंद के विचार जिनका अधिष्ठान भारतीय था उन्हें पूरी तरह भुला दिया गया यहां तक कि भारत माता की जय वंदे मातरम के उद्घोष भी भुला दिए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में यह विचार पाश्चात्य विचारों पर भारी पड़ने लगे, भारतीय जनसंघ कांग्रेस के बाद नंबर दो दल बन गया और पार्षद विचारधाराएं रक्षात्मक मुद्रा में आ गई है राजनीतिक रूप से साम्यवाद बहुत कमजोर हो गया है। लेकिन अकादमी जगत में वह आज भी प्रभावशाली है। एकात्म मानववाद ही एक विकल्प के रूप में उभर रहा है और भारत माता की जय, वंदे मातरम, आज भारतीय समाज के सामान्य उद्घोष बन चुके हैं चाहे कुछ राजनीतिक पाटिऱ्यां आज भी उनसे किनारा कर रही हैं पर भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा यानी सांस्कृतिक, राष्ट्रवाद, आर्थिक लोकतंत्र, अंतोदय शिक्षा का भारतीय करण तथा पंच निष्ठा हैं। आज यह विचारधारा भारत की मुख्य विचारधारा बन गई है कोई भी राजनीतिक दल इसे चुनौती नहीं दे पा रहे तथा पाश्चात्य विचार धाराओं के स्रोत सूखने लगे हैं हमें भारतीयता के प्रभाव को कुछ और पेश करना होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने करी और साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को इस वर्ग को पूरी निष्ठा के साथ करने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य क्षेत्र मंत्री बिजेंद्र नागर, महामंत्री चांदीराम यादव, डिम्पल आनंद, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, गिरजा सिंह, मुकेश शर्मा, युद्धवीर चौहान, महेश अवाना, धर्मेंद्र गुप्ता, गिरीश कोटनाला, राजीव त्यागी, मंत्री एसपी चमोली, अमरीश त्यागी, प्रमोद बहल, चमन अवाना, रवि यादव, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, मल्लिकेश्वर झा, शिवांश श्रीवास्तव, शारदा चतुर्वेदी, राम निवास यादव, लोकेश यादव, प्रशंसित मैत्रा, मोहित भंगेल, ऐसान खान, भूपेश चौधरी, हरीश वर्मा, शर्मा, वंदना शर्मा, रमेश शेखर, आदि लोग मौजूद रहे।

## आई0पी0एल0 2022: पंजाब के खिलाफ मैच में हेजलवुड ने बनाया अनोखा रिकार्ड, इस युवा गेंदबाज को छोड़ा पीछे


**नई दिल्ली।** बैंगलोर के खिलाफ मैच में बल्लेबाजों से सजी पंजाब की टीम का बल्ला जमकर बोला जिसका खामियाजा बैंगलोर के गेंदबाजों को उठाना पड़ा। नतीजा जोश हेजलवुड, मोहम्मद सिराज और शहबाज अहमद ने जमकर रन लुटाए। हेजलवुड ने 16, सिराज ने 18 और शहबाज अहमद ने 10 की इकोनामी से रन दिए। दरअसल इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जानी बेयरस्टो अलग ही रंग में बल्लेबाजी कर रहे थे पहले उन्होंने 4 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 66 रन बनाए तो बाद में लियाम लिविंग्सटन ने 42 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली। उन्होंने इस पारी में 5 चौके और 4 छक्के लगाए इन दोनों की विस्फोटक बल्लेबाजी का शिकाय यूं तो आरसीबी का हर गेंदबाज हुआ लेकिन सबसे ज्यादा मार पड़ी जोश हेजलवुड को जिन्होंने अपने 4 ओवर में 16 की इकोनामी से 64 रन लुटाए और इस सीजन में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज होने का रिकार्ड बनाया।



इतना ही नहीं इतना रन लुटाने के बावजूद वो विकेटलेस रहे। पंजाब के दोनों बल्लेबाज हेजलवुड के खिलाफ मन बनाकर आए थे। उनके पहले ही ओवर में पंजाब ने 22 रन बनाए जबकि उनके आखिरी ओवर में जोकि टीम का 19वां ओवर था 24 रन बने। हेजलवुड ने इस मैच में हैदराबाद के युवा गेंदबाज मार्को यान्सेन को पीछे छोड़ दिया जिनके नाम इस सीजन में सबसे ज्यादा रन देने का रिकार्ड था। उन्होंने 4 ओवर की गेंदबाजी में 63 रन दिए थे। इतना ही नहीं हेजलवुड आरसीबी की तरफ से सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज भी बन गए। इससे पहले ये रिकार्ड शेन वाटसन के नाम था जो वर्तमान में दिल्ली के सहायक कोच की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंन आइपीएल के 2016 सीजन के फाइनल मैच में 4 ओवर के कोटे में 61 रन खर्चे थे।

## धमाकेदार जीत से पंजाब के प्लेआफ की दावेदारी हुई मजबूत

**नई दिल्ली।** मयंक अग्रवाल के नेतृत्व में पंजाब की टीम ने आरसीबी के खिलाफ मैच मे वो करके दिखाया जिसकी उसे सख्त जरूरत थी। पहले



आरसीबी की गेंदबाजी के सामने 200 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया फिर स्टार बल्लेबाजों से सजी आरसीबी की टीम के सामने अपने इस स्कोर को खूबसूरती से डिफेंड कर 54 रनों से मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। पंजाब की तरफ से बल्लेबाजी में जानी बेयरस्टो और लिविंग्सटन ने कमाल किया तो गेंदबाजी में कगिसो रवाडा, ऋषि धवन और राहुल चाहर ने कमाल किया। रवाडा ने 3 जबकि धवन और चाहर ने 2-2 विकेट हासिल किए पंजाब की इस जीत ने उसे न केवल 2 प्वाइंट देकर प्वाइंट्स टेबल में छठे नंबर पर पहुंचा दिया बल्कि प्लेआफ में पहुंचने की टीम की उम्मीदों को एक पंख भी लगा दिया। अब टीम के पास 12 मैचों में 6 जीत के साथ 12 अंक हो गए हैं। अब टीम को 16 मई को दिल्ली के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में और 22 मई को वानखेड़े में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भिड़ना है। पंजाब की इस जीत के बाद जिन टीमों की प्लेआफ में पहुंचने की राह मुश्किल हुई है वो है राजस्थान, हैदराबाद, दिल्ली और बैंगलोर । इन सभी टीमों को अपने बाकी बचे मैच में जीत की जरूरत है ऐसे में ये मुकाबला नाक आउट दौर में कहा जा सकता है। पंजाब की इस जीत से सबसे ज्यादा झटका आरसीबी को लगा है और उसे अपने आखिरी मैच में जीत के साथ दूसरे टीम के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। किसी भी टीम के लिए यहां से एक और उसके लीग में आगे का रास्ता बंद कर सकती है।

## मयंक ने की अपने बल्लेबाजों की तारीफ, इस गेंदबाज को बताया टीम का लीडर

**नई दिल्ली।** बैंगलोर के खिलाफ मैच में प्लेआफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए पंजाब की टीम को हर हाल में मैच जीतना था जो उन्होंने कर दिखाया और आरसीबी की टीम को 54 रनों से हरा दिया। पिछला मैच राजस्थान के खिलाफ हार के बाद पंजाब की टीम के लिए यहां वापसी करना बिल्कुल आसान नहीं था लेकिन ये जिम्मा उठाया पंजाब के दो विस्फोटक बल्लेबाज जानी बेयरस्टो और लियाम लिविंग्स्टन ने, बेयरस्टो ने 29 गेंदों पर 66 तो लिविंग्स्टन ने 42 गेंदों पर 70 रन की पारी खेल पंजाब को 209 का सम्मानजनक स्कोर दिया। इस स्कोर के सामने आरसीबी की टीम पस्त हो गई और केवल 155 रन ही बना पाई। इस जीत के बाद पंजाब की टीम 12 अंकों के साथ छठे नंबर पर पहुंच गई है और अब यदि वो बाकी बचे दो मुकाबले जीत लेती है प्लेआफ में जाने की संभावना बनती दिखाई दे रही है। मैच के बाद पंजाब के कप्तान मयंक अग्रवाल अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि हम बैट के साथ कमाल थे। विकेट थोड़ा रुका हुआ था। जानी और लिवी ने जो बल्लेबाजी की वो लाजवाब थी। हमने ज्यादा कुछ बदलाव नहीं किया बस विकेट को समझने की कोशिश की। गेंद से ज्यादा रक्षात्मक नहीं हो सकता। अगर एक बार बल्लेबाज अच्छी लय में आ जाए तो इन दिनों लंबी बाउंड्री कोई मायने नहीं रखती।



मयंक अग्रवाल धवन के साथ ओपनिंग करते थे लेकिन उन्होंने पिछले दो मैचों से जानी बेयरस्टो को ओपनिंग के लिए भेजा और खुद 5वें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने कहा कि जब तक काम खत्म नहीं हो जाता वो इसी क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे। डेथ ओवर में पंजाब के लिए शानदार गेंदबाजी करने वाले अर्शदीप सिंह को लेकर कप्तान मयंक ने कहा कि वो बहुत ऊर्जावान और आत्मविश्वासी व्यक्ति हैं। अपने क्रिकेट का लुत्फ उठाते हैं। कहना होगा कि वह टीम में लीडर है। वह सभी के आसपास रहते हैं, यहां तक ??कि कभी-कभी अपने से सीनियर गेंदबाजों को जाकर भी सलाह देते हैं। पंजाब के बाकी बचे दो मैचों की बात करें तो टीम को 16 मई को दिल्ली के खिलाफ जबकि 22 मई को अपना आखिरी लीग मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलना है। टीम को प्लेआफ की रेस में बने रहने के लिए दोनों मैचों में जीतना जरूरी है।

## केकेआर के खिलाफ उम्मीदें जीवंत रखने के इरादे से उतरेगी हैदराबाद की टीम

**पुणे।** लगातार चार मैचों में हार के बाद वापसी के लिए संघर्षरत सनराइजर्स हैदराबाद को आइपीएल में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में गेंदबाजी से जुड़ी अपनी समस्याओं को दूर करना होगा। लगातार पांच मैचों में जीत के बाद लगातार चार हार से सनराइजर्स की आइपीएल प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। उसके 11 मैचों में 10 अंक हैं और उसे प्लेआफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। केकेआर के 12 मैचों में 10 अंक हैं और वह बाहर होने के कगार पर है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम के केवल दो मैच बचे हुए हैं और इनमें जीत से भी वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी, जो कि प्लेआफ में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते क्योंकि राजस्थान रायल्स और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 12 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष चार में बने हुए हैं। केकेआर के तेज गेंदबाज पैट



कमिंस कूल्हे की चोट की वजह से आइपीएल से बाहर हो गए हैं। इस चोट से उबरने के लिए कमिंस आइपीएल खत्म होने से पहले ही अपने देश आस्ट्रेलिया लौट जाएंगे। आस्ट्रेलिया को जून-जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ तीन टी-20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। कमिंस आस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान भी हैं। केकेआर की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले उमेश यादव पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। टीम को उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे। कोलकाता नाइटराइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), आरोन फिंच, अभिजीत तोमर, अजिंक्य रहाणे, बाबा इंद्रजीत, नीतीश राणा, प्रथम सिंह, रिंकू सिंह, अशोक शर्मा, रसिख डार, शिवम मावी, टिम साउथी, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती, अमन खान, आंद्रे रसेल, अनुकूल राय, चमिका करुणारत्ने, मुहम्मद नबी, रमेश कुमार, सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, सैम बिलिंग्स, शेल्डन जैक्सन। सनराइजर्स हैदराबाद : केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्करैम, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, रोमारियो शेफर्ड, मार्को जेनसेन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबाट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारूकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।

## कप्तान डु प्लेसिस ने इस बल्लेबाज को बताया हार का कारण कहा उसने गेंदबाजों को दबाव में ला दिया

**नई दिल्ली।** बैंगलोर को प्लेआफ में की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए पंजाब के खिलाफ मैच में जीतना जरूरी था लेकिन टीम 210 रनों के बड़े टोटल को पार पाने में नाकाम रही और पंजाब ने 54 रनों से ये मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। आरसीबी की तरफ से एकबार फिर बल्लेबाजों का फ्लाफ शो जारी रहा और ग्लेन मैक्सवेल को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज रन नहीं बना पाया। उन्होंने सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। मैच के बाद कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने जानी बेयरस्टो की आक्रमक बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि ठयह एक अच्छा स्कोर था, जाहिर तौर पर जानी ने जिस तरह से शुरुआत की, उसने हमारे गेंदबाजों को वास्तव में दबाव में ला दिया। जब आप इस तरह के स्कोर को चेज करते हैं तो आप गुच्छों में विकेट नहीं गंवा सकते लेकिन हमारे साथ यही हुआ कोहली के लगातार रन बनाने को लेकर कप्तान ने कहा कि ठहर वो तरीका जिससे कोई आउट हो सकता है उसके साथ हो रहा है इसी तरह से गेम काम करता है। आप बस इतना कर सकते हैं कि कड़ी मेहनत करते रहें, कड़ी मेहनत करें और सकारात्मक रहें। उसने आज रात कुछ अच्छे शाट खेले, जाहिर है वह चाहता है कि वह आगे बढ़े। हम सभी के साथ खराब पैच होते हैं, उन्होंने इसे सही नोट में लिया है अगले मैच को लेकर कप्तान डु प्लेसिस ने कहा कि ठएक दिन की छुट्टी लेंगे और फिर देखेंगे कि हम अगले गेम के लिए कैसे स्विच कर सकते हैं जो हमारे लिए जरूरी है। एक और नेट सेशन आपको एक बेहतर खिलाड़ी नहीं बनाने वाला है, यह अपने आप को दिमाग में मजबूत बनाने के बारे में है। अगर हम अपनी क्षमता के अनुसार खेलते हैं तो हम बहुत मजबूत पक्ष हैं। दुर्भाग्य से, हमने आज रात ऐसा नहीं किया।



## उमरान की रफ्तार के आगे होंगे विस्फोटक रसेल, जानें कब और कहां देख सकते हैं ये मैच

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 61वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। कोलकाता की टीम फिलहाल प्वाइंट्स टेबल में 8वें नंबर पर है और प्लेआफ में पहुंचने की उसकी संभावना खत्म हो चुकी है। टीम के पास 12 मैचों में 10 अंक है। दूसरी तरफ हैदराबाद की टीम के पास भी 10 अंक हैं लेकिन कोलकाता से उसने एक मैच कम खेले हैं और यदि वो कोलकाता के खिलाफ और बाकी बचे मैच जीत लेती है तो प्लेआफ में पहुंचने की उसकी संभावना बरकरार रहेगी। ऐसे में कमजोर कोलकता के सामने हैदराबाद हर हाल में जीत दर्ज करना चाहेगी। यदि आप भी इस महत्वपूर्ण मैच का आनंद लेना चाहते हैं तो आइए मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों को जान लेते हैं। कब होगा कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच ये मैच 14 मई, शनिवार को होगा कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच ये मैच। कहां खेला जाएगा कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच ये मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच ये मैच एमसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। कितने बजे शुरू होगा कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच ये मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच ये मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच इस मैच का टास कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच इस मैच का टास शाम 7 बजे होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच इस मैच को कहां देख सकते हैं कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबद के बीच इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क या हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी हर खबर को आप आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पढ़ सकते हैं।






# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित
ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 30 मई 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**

# सुहाना खान, खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा की 'द आर्चीज' का फर्स्ट लुक आउट, मस्ती करते दिखे स्टारकिड्स

**नई दिल्ली।** शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'द आर्चीज' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म की डायरेक्टर जोया अख्तर ने इसे 'द आर्चीज' कॉमिक्स के बॉलीवुड रूपांतरण के तौर पर बनाया है। फिल्म के पहले पोस्ट में वेरोनिका के रूप में सुहाना खान नजर आ रही हैं। खुशी कपूर और आर्चीज के रूप में अगस्त्य नंदा नजर आ रहे हैं। यहां देखें टीजर जोया अख्तर की ये फिल्म बेहद दिलचस्प होगी पोस्टर देख कर कुछ ऐसा ही लग रहा है। 'द आर्चीज' का निर्देशन जोया अख्तर कर रही हैं, वहीं रीमा कागती फिल्म को प्रोड्यूस कर रही हैं। पहले उम्मीद थी कि शाह रुख खान की लाडली की डेब्यू फिल्म कम से कम सिनेमा में तो रिलीज होगी ही, पर आज इसपर से पर्दा अठ गया है। 'द आर्चीज' फिल्मी पर्दे पर रिलीज ना होकर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का टीजर साझा करते हुए जोया अख्तर ने लिखा, 'सूरज निकल गया है, समाचार समाप्त हो गया है आओ अपने नए दोस्तों से मिलें। आपके लिए शानदार जोया अख्तर द्वारा निर्देशित द आर्चीज की कास्ट पेश कर रही हूं। इस फिल्म के पोस्टर में सुहाना खान, अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर के साथ बाकी चेहरे भी बेहद यंग और रेट्रो लुक में नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म 'द आर्चीज' में अगस्त्य नंदा आर्ची एंड्रयूज, खुशी कपूर बेट्टी कपूर और सुहाना खान वेरोनिका लोज के रोल में नजर आएंगी, हालांकि, अभी इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांत लग गया है। इस लिस्ट में अब अमिताभ बच्चन भी शामिल हो गए हैं। नाती अगस्त्य नंदा की पहली फिल्म को लेकर बिग बी काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने अगत्या नंदा को उनके इस फिल्मी सफर की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी हैं।




# कमल हासन के खिलाफ शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली।**कमल हासन खबरों में ना रहे ऐसा हो नहीं सकता। तो इस बार वो अपनी अपकमिंग फिल्म विक्रम को लेकर विवादों में छाए हुए हैं। 3 जून को रिलीज होने वाली इस फिल्म का पहला गाना 'पत्थला पत्थाला' दर्शकों के सामने आया। इस गाने के बाद कुछ फैंस को खुश हुए पर कुछ को ये नागवार गुजर रहा है। अब इसी गाने को लेकर कमल हासन कानूनी पचड़े में फंसते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने एक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दरअसल, फिल्म 'विक्रम' का गाना 'पत्थला पत्थाला' खुद कमल हासन ने लिखा है और इसे गाया भी उन्होंने ही है। इस गाने को संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कमल हासन के खिलाफ 'पत्थला पत्थाला' गाने को लेकर पुलिस में केस दर्ज किया गया है। एक सामाजिक कार्यकर्ता का दावा है कि 'पत्थला पत्थाला' गाने में मौजूदा केंद्र सरकार का मजाक उड़ाया गया है और इससे देश का धार्मिक सौहार्द खराब हो सकता है। ऐसे में गाने से कुछ बोल हटाने की मांग की गई है। साथ ही अभिनेता के खिलाफ चेनन्ई में पुलिस आयुक्त कार्यालय में एक मामला दर्ज किया गया है।



# रणवीर सिंह की 'जयेशभाई जोरदार' पहले दिन ही हुई ढेर, कमाए सिर्फ रुपए

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की 'जयेशभाई जोरदार' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रणवीर सिंह ब्रांड बाजार में हिन्दी सिनेमा के सबसे महंगे और सबसे ज्यादा कमाई करने वाले स्टार हैं। इनके होने मात्र से ही लगी। रणवीर की पिछली फिल्म 84 कोविड प्रतिबंधों के बावजूद पहले दिन 12.68 करोड़ कमाने में सफल रही थी। पर 'जयेशभाई जोरदार' काफी निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर मात्र 4.10 यही जाता है कि किसी फिल्म की ओपनिंग अगर उसकी कुल लागत (मेकिंग और प्रमोशन मिलाकर) की 20 फीसदी के करीब होती है तो वह फिल्म पहले हफ्ते में अपनी लागत निकाल सकती है। तो वहीं 10 फीसदी



फिल्म के हिट होने की गारंटी होती है, पर हर बार ऐसा हो जरूरी नहीं है। कम से कम 'जयेशभाई जोरदार' की पहले दिन की कमाई देखकर तो ऐसी ही लगता है। ये रणवीर सिंह की सबसे खराब ओपनिंग वाली फिल्मों में नंबर वन पर रह सकती है।जयेशभाई जोरदार' के प्रमोशन के दौरान रणवीर सिंह ने खुद बताया कि जब डायरेक्टर दिव्यांग ठक्कर ने उन्हें फिल्म की कहानी सुनाई थी तो वो रोने लगे थे। उन्होंने पहली बार किसी रोल के लिए तुरंत हां कहा था। पर लगता है कि डायरेक्टर साहब अपनी कहानी को पर्दे पर सही से उतार नहीं पाए। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को फिल्म कुछ खास नहीं करोड़ का ही बिजनेस कर पाई।यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी ये फिल्म 13 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसे देशभर में 2250 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया। उम्मीद की जा रही थी कि ये बॉक्स ऑफिस पर कुछ बड़ा धमाका करेगी, पर ऐसा हुआ नहीं। हालांकि फिल्म की एडवांस बुकिंग को देखते हुए इसके फुस्स होने का अंदाजा पहले ही लग चुका था। साथ ही मिले जुले रिव्यू ने दर्शकों की फिल्म देखने की चाहत पर ठंडा पानी डाल दिया।बता दें कि करीब 60 करोड़ की लागत से बनी और रिलीज हुई इस फिल्म की पहले दिन की ओपनिंग इसकी लागत की 10 फीसदी भी नहीं है। आमतौर पर माना की ओपनिंग वाली फिल्म को औसत माना जाता है। अब आप खुद ही अंदाजा लगा सकते हैं कि 10 फीसदी से कम कमाने वाली फिल्म के फ्लॉप होने की प्रबल संभावना होती है।अगर ये कहा जाए कि 'जयेशभाई जोरदार' रणवीर सिंह की सबसे फ्लॉप फिल्मों में से एक हो सकती है तो ये गलत नहीं होगा। क्योंकि पहले दिन 10 करोड़ से कम कमाने वाली इनकी दो सुपरफ्लॉप फिल्म 'किल दिल' और 'लुटेरा' ने भी 6.53 करोड़ और 5.15 करोड़ की ओपनिंग हासिल की थी। पर साथ ही ये भी बता दें कि ये 8, 9 साल पुरानी फिल्में हैं, उनकी कमाई की तुलना आज की फिल्म से नहीं की जा सकती।

# अनुपमा में आया बड़ा ट्विस्ट, क्या अनुज से टल जाएगी शादी

**नई दिल्ली।** अनुपमा शो में नया अपडेट आ गया है ऐसी खबरें है कि अनुपमा ने अपनी शादी टालने का निर्णय लिया है उन्होंने ऐसा हंसमुख के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए निर्णय लिया है अनुपमा में एक बार फिर



नया ट्विस्ट आ गया है दरअसल अनुपमा शो में हंसमुख गिर जाते हैंत् इसके बाद वनराज अनुपमा पर आरोप लगाते हैं कि वह उनके कारण बापूजी की तबियत खराब हो गई है अनुपमा को याद आता है कि किस प्रकार हंसमुख हर बार उनका समर्थन करते थे और उनका ध्यान रखते थे उन्होंने यह भी बताया है कि किस प्रकार हंसमुख ने उन्हें कभी भी पिता की कमी महसूस होने नहीं दी है अनुज इसपर उन्हें संभालने का प्रयास करते हैं लेकिन वनराज और लीला के शब्द उन्हें प्रभावित कर देते हैं जैसे ही अनुपमा को पता चलता है कि हंसमुख जीवित हैं वह उनके रूम में जाती हैं और वहां पर एक नया इमोशनल ड्रामा शुरू हो जाता है हंसमुख अनुपमा से कहते है कि वह उन्हें शादी करते हुए देखना चाहते हैं, अन्यथा वह मर जाएंगे इसपर अनुपमा कहती है कि वह शादी टाल रही हैं लीला और वनराज अनुपमा को हंसमुख का स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखने के लिए ताना मारते हैं इसपर हंसमुख अनुपमा का बचाव करते हैं और कहते हैं कि वह सर्जरी शादी के बाद ही कराएंगे हालांकि यह हादसा सभी को बदल कर रख देता है इसपर अनुपमा कहती है कि वह हंसमुख के स्वास्थ्य ठीक होने तक शादी नहीं करेंगी यह नया ट्विस्ट सभी को शॉक दे देता है हंसमुख सभी को मना लेते है कि अनुपमा की शादी जारी रखें अनुपमा भी मान जाती है वह यह भी कहते है कि वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे।

# बाबा निराला संग ईशा गुप्ता ने पार की बोल्डनेस की सारी हदे लोगों को याद आई त्रिधा चौधरी

**नई दिल्ली।** 'आश्रम' के तीसरे सीजन का ट्रेलर आ चुका है और इसके साथ ही लोगों ने इसमें नजर आ रहे नए चेहरे की चर्चा भी शुरू कर दी है। ये कोई और नहीं बल्कि इंटरनेट पर अपनी बोल्ड तस्वीरों से आग लगाने वाली ईशा गुप्ता हैं। पूरे ट्रेलर में ईशा के 6 सीन हैं जिसमें वो बाबा निराला यानी बॉबी देओल के साथ इंटीमेट होती नजर आ रही हैं। पिछले सीजन में अपनी अदाओं के जलवे दिखाने वाली त्रिधा चौधरी तो ट्रेलर में बस झलक भर ही नजर आई। उनके फैंस आस लगाए थे कि इस बार भी उन्हें बाबा निराला और बबीता का रोमांस देखने को मिलेगा पर ऐसा हुआ नहीं। साल 2020 में आश्रम की दोनों सीरीज रिलीज हो गई थीं, साथ ही काफी पॉपुलर भी रही। लोगों को तीसरे सीजन के लिए दो साल इंतजार करना पड़ा। पर अब जो उन्होंने देखा है लगता है ये इंतजार व्यर्थ नहीं गया। 59 सेकेंड के ट्रेलर में जहां एक बार फिर बॉबी देओल अपने बाबा निराला के रोल में लोगों को इम्प्रेस करने में कामयाब रहे।वहीं ईशा गुप्ता का रोल भी काफी दमदार होने वाला है। इस वीडियो में ईशा गुप्ता सुर्ख लाल रंग की साड़ी पहने दिखीं। लोगों को तब बबीता की याद आ गई, जब सीजन 2 में उन्होंने बाबा और बबिता की जुगलबंदी देखी थी। ईशा तो त्रिधा चौधरी से भी दो हाथ आगे निकल गईं। ट्रेलर में ईशा गुप्ता के कुछ डायलॉग भी हैं जो इस ट्रेलर को और भी ज्यादा जबरदस्त बना रहे हैं। ये डायलॉग्स हैं- 'बाबा जी की सदा ही जय हो, आपके अंदर जो भगवान है उसे पूरी दुनिया के सामने निकाल कर रख दूंगी। 'सोशल मीडिया पर 'आश्रम 3' को लेकर काफी बज है। पर लोगों को एक शिकायत ये है कि त्रिधा चौधरी के सीन्स और ज्यादा होने चाहिए थे। हालांकि ये अभी पहला ही ट्रेलर है, हो सकता है कि आने वाले दिनों में हमें बाबा निराला के और भी निराले रूप देखने को मिलें।



# जब लता मंगेशकर की हत्या की दरिंदों ने रची थी साजिश, धीरे-धीरे दिया गया जहर

**नई दिल्ली।** दिग्गज गायिका लता मंगेशकर आज भले ही हमारे बीच नहीं है लेकिन आज भी वो अपने चाहने वालों के दिलों में जिंदा हैं। स्वर कोकिला कहलाने वालीं लता मंगेशकर के बिना इंडियन म्यूजिक इंडस्ट्री अधूरी होती। अपने जीवनकाल में एक से बढ़कर एक कई सुपरहिट गानें दिए हैं। उनकी आवाज आज भी लोगों के कानों में गूंजती हैं। लता मंगेशकर को पूरी म्यूजिक इंडस्ट्री मिलकर म्यूजिकल ट्रिब्यूट दे रही है। लता को ये म्यूजिकल ट्रिब्यूट स्टारप्लस की खास सीरीज 'नाम रह जाएगा' के जरिए खास श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आई है। बता दें कि लता मंगेशकर को 'नाम रह जाएगा' में भारत के 18 सबसे बड़े सिंगर्स एक साथ उनकी अनगिनत यादों का सम्मान करने के लिए आगे आए हैं, जो वो हमारे लिए छोड़ कर गई हैं। इसी दौरान उन बातों पर से भी पर्दा उठेगा, जिसके बारे में आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' के फैंस को 'नाम रह जाएगा' के अगले एपिसोड का बेसब्री से इंतजार है। इस एपिसोड में दर्शकों को लेजेन्ड्री सिंगर की कई ऐसी अनदेखी तस्वीरें दिखाई जाएंगी जिसे पहले किसी ने नहीं देखा। साथ ही कई ऐसे किस्से सुनाने को मिलेगें जो किसी भी प्लेटफॉर्म पर पहले कभी शेयर नहीं किए गए हैं। इस एपिसोड में लता जी के कभी शादी न करने की वजह का भी खुलासा किया जाएगा। यही नहीं इस दौरान उस बात का भी खुलासा होगा जब उन्हें जहर देने की कोशिश की गई थी। नाम रह जाएगा' के एपिसोड में बताया जाता है कि, लता मंगेशकर को जान से मारने के लिए धीमा जहर दिया गया था। इसके बाद उनका शरीर कमजोर होता चला गया और फिर इलाज के करीब 3 माह बाद उनको बचाया गया था। साथ ही ये एपिसोड उस कारण का भी खुलासा करेगा कि लता मंगेशकर ने क्यों कभी शादी नहीं की। यह सब कुछ सिर्फ 'नाम रह जाएगा' के अगले एपिसोड में देखने मिलेगा। शो में प्यारेलाल जी, सोनू निगम, अरिजीत सिंह, शंकर महादेवन, नितिन मुकेश, नीति मोहन, अलका याज्ञनिक, साधना सरगम, उदित नारायण, शान, कुमार शानू, अमित कुमार, जतिन पंडित, जावेद अली, कुछ शानदार गानों के साथ श्रद्धांजलि प्रस्तुतियां भी देखेंगे। ऐश्वर्या, सन्हा, पलक मुच्छल और अन्वेशा भी दिखाई देंगी।



# गर्मी भी नहीं रोक सकती अनुष्का शर्मा की तैयारियां कहा- 'बिल्कुल भी गर्मी नहीं'

**नई दिल्ली।** अपनी जबरदस्त एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में खास मुकाम हासिल करने वाली अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपनी फिल्म चकड़ा एक्सप्रेस को लेकर सुखियां बटोर रही हैं। इन दिनों वो अपनी अपकमिंग फिल्म की तैयारियां में जुटी हुई हैं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भीषण गर्मी में गेंदबाजी का अभ्यास करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो को अनुष्का शर्मा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस ग्राउंड में बैठी हुई दिख रही हैं। इस वीडियो पर उन्होंने एक स्टिगर भी साझा किया है। जिसपर लिखा, बिल्कुल भी गर्म नहीं है। चकड़ा एक्सप्रेस में विश्व क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज महिला गेंदबाजों में शामिल झूलन गोस्वामी की शानदार जर्नी को दिखाया जाएगा, जो अनगिनत बाधाओं के बावजूद सफलता की सीढियां चढने में कामयाब होती है। हाल ही में एक न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि, अभिनेत्री ने तेज गेंदबाज को करीब से फॉलो करना और वर्कआउट करना शुरू कर दिया है। जिससे वो झूलन जैसा शरीर पा सकें और उनकी एक्टिविटी को सीख सकें। अनुष्का शर्मा चकड़ा एक्सप्रेस की शूटिंग के लिए क्रिकेट के मक्का यानी लॉर्ड्स और ब्रिटेन के हेडिंग्ले स्टेडियम जाएंगी, जहां वो फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्से की शूटिंग को फिल्माएंगी। वहीं, अभिनेत्री भारत के भी एक चर्चित स्टेडियम में शूटिंग कर सकती हैं। आपको बता दें, कि अनुष्का शर्मा को आखिरी बार साल, 2018 में रिलीज हुई शाह रुख खान की फिल्म जीरों में देखा गया था। इस फिल्म में अनुष्का ने शाह रुख खान और कटरीना कैफ के साथ मुख्य किरदार निभाया है। इस फिल्म में उन्होंने नासा की वैज्ञानिक आफिया का किरदार निभाया है। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग से थोड़ा ब्रेक ले लिया। लेकिन उनके प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले कई फिल्मों और पाताल लोक जैसी वेब सीरीज का निर्माण किया जा चुका है।



# कांटा लगा' गर्ल शेफाली जरीवाला पति संग स्विमिंग पूल में हुई बोल्ड

**नई दिल्ली।** 'कांटा लगा' गर्ल के नाम से बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला हमेशा ही खबरों में छाई रहती हैं। एक्टिंग के साथ शेफाली अपनी बोल्ड पर्सनेलिटी के चलते भी सुर्खियों में बनीं रहती हैं। शेफाली सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर ही अपनी हॉट एंड सीजलिंग तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इसी बीच शेफाली जरीवाला का पति संग लेटेस्ट बोल्ड वीडियो इंस्टरनेट पर आग लगा रहा हैं। इस वीडियो ने फैंस के होश उड़ा दिए हैं। यहा देखें वीडियो शेफाली जरीवाला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पति चिराग त्यागी संग अपना एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में शेफाली बिकिनी पहन पति संग पूल में सीजलिंग डांस करती दिख रही हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि शेफाली व्हाइट कलर की बिकिन पहन कर पूल में पति संग डांस डांस कर रही हैं। साथ ही शेफाली खुद इस वीडियो को शूट करती भी दिख रही हैं। वहीं पराग इस दौरान पूरी तरह से शर्टलेस नजर आ रहे हैं। शेफाली और पराग दोनों इस दौरान काफ खुश नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेफाली के फैंस काफी पंसद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर लगातार फैंस अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि इससे पहले भी कई बार शेफाली जरीवाला पति पराग त्यागी संग अपने हॉट वीडियो और तस्वीरें शेयर कर चुकी हैं। साथ ही फैंस भी दोनों की जोड़ी को काफी पसंद करते हैं। आपको बात दें कि इससे पहले शेफाली जरीवाला ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पूल में एन्जॉय करते हुए कई तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में वह ब्लैक बिकिनी में नजर आ रही थीं। दरअसल, हाल ही में शेफाली पति पराग त्यागी संग क्वालिटी टाइम स्पेंड करने गोवा गईं थीं। शेफाली जरीवाला ने वहीं से ये खूबसूरत तस्वीरें शेयर की थीं, जहां वह पूल में खड़े होकर अलग-अलग पोज दे रही हैं और उन्होंने अपने बालों में बन बनाया हुआ है। उनकी ये तस्वीरें फैंस को खूब पसंद आ रही है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए शेफाली ने हैशटैग दिया क्षनेमंडेब्लूज'।



# सलमान खान ने शुरू की 'कभी ईद कभी दीवाली' की शूटिंग सेट पर एक्शन करते दिखे अभिनेता

**नई दिल्ली।**बॉलीवुड के दबंग सलमान खान अपनी फिल्मों को लेकर काफी सुर्खियों में रहते हैं। इन दिनों वो अपनी फिल्म कभी ईद कभी दीवाली को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब जानकारी आ रही हैं कि सलमान खान ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की शूटिंग शुरू करने की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्रा पर एक तस्वीर साझा कर दी है। इस तस्वीर में वो काफी अलग अंदाज में दिख रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया है कि, उन्होंने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शूरू कर दी है। लेकिन उन्होंने फिल्म के नाम को लेकर खुलासा नहीं किया है। वहीं, कई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने हाल ही में कभी ईद कभी दीवाली की शूटिंग मुंबई स्थित विले पार्ले में स्थापिट सेट पर कभी ईद कभी दीवाली की शूटिंग शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सलमान खान इस विशेष शेड्यूल में अपनी विशेषता एक्शन-ओरिएंटेड सीक्वेंस की शूटिग कर रहे हैं और कुछ दिनों बाद शूटिंग में तेलुगु स्टार वेंकटेश दग्गुबाती के शामिल होने की भी उम्मीद है। फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सलमान खान के साथ उनके जीजू आयुष शर्मा, जहीर इकबाल और शहनाज गिल मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। सलमान, आयुष के अलावा कभी ईद कभी दीवाली में साउथ सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती, एक्ट्रेस पूजा हेगडे भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। हाल ही में सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दिवाली की रिलीज को लेकर भी खबरें आईं थीं, जिसमें दावा किया गया था कि अगले साल यानी 2023 को ईद को मौके रिलीज होगी। हालांकि फिल्म की रिलीज को लेकर अभी फिल्म निर्माताओं ने कोई भी जानकारी शेयर की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008- टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।
















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एस के गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी०एन०सी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274